इंदौर, गुरुवार 11 जून 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 193
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

अंदर के पन्नों पर...

इंदौर को मिला एक और आधुनिक लॉजिस्टिक्स हब



पेज-2

फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में शरवरी



पेज-5

यशवंत क्लब के चुनाव 28 जून को होंगे



पेज-6

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज राजनीति के साथ बनी कानूनी जंग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ◐ मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होना सिर्फ एक कानूनी या तकनीकी मामला नहीं रह गया है। इसने राज्य की राजनीति में निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया, सत्ता के प्रभाव और विपक्ष की घटती राजनीतिक जमीन को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

नामांकन रद्द होने के तुरंत बाद विधानसभा भवन में भाजपा नेताओं और मंत्रियों का जश्न इस पूरे घटनाक्रम को और अधिक राजनीतिक बना गया। मंत्री राकेश



सिंह और कैलाश विजयवर्गीय समेत कई नेताओं की मौजूदगी ने यह संदेश देने की कोशिश की कि भाजपा इसे सिर्फ कानूनी जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक बढ़त के रूप में देख रही है।

### चुनाव आयोग से कोई जवाब नहीं, सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने के खिलाफ कांग्रेस दिल्ली से मध्य प्रदेश तक प्रदर्शन कर रही है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 1 बजकर 48 मिनट पर डिजिटल माध्यम से दायर की गई। इस पर कब सुनवाई होगी, यह फिलहाल तय नहीं है। दरअसल, मामले पर चुनाव आयोग की चुप्पी ने कांग्रेस की धड़कनें बढ़ा दी हैं। सूत्रों के अनुसार, आयोग इस मामले में कानूनी राय लेने के बाद फैसला करेगा। आज गुरुवार को दोपहर 3 बजे तक का समय सबसे अहम माना जा रहा है, क्योंकि यही नाम वापसी की अंतिम समय-सीमा है। यदि तब तक आयोग कांग्रेस के पक्ष में कोई फैसला नहीं करता या खामोश ही रहता है तो भाजपा उम्मीदवार महेश केवट का निर्वाचन तय हो जाएगा। बाकी दो सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल का निर्विरोध हैं। ऐसे में प्रदेश की तीनों राज्यसभा सीटें भाजपा बिना लड़े जीत जाएगी। उधर, कांग्रेस आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेगी। आज ही दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में भी सीनियर नेताओं की एक बैठक होगी।

### यह रिश्ता क्या कहलाता है..?



**भोपाल।** राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक उठापटक के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और भाजपा के दिग्गज मंत्री कैलाश विजयवर्गीय. के साथ राज्यसभा उम्मीदवार महेश केवट की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस तस्वीर को राजनीतिक समीक्षक मीनाक्षी नटराजन के नामांकन से भी जोड़ते नजर आए।

## बस की तुलना में मेट्रो का सफर पड़ेगा महंगा

### जिस सफर के लिए बसों में 30 रुपए किराया लगता है, उसी सफर के लिए मेट्रो में 80 रुपए किराया लगेगा



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◐ पहले से ही घाटे में चल रही मेट्रो में अभी 10 हजार से अधिक यात्रियों द्वारा रोजाना सफर करने का अनुमान लगाया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि इस पूरे रूट पर कई सिटी बसें दौड़ती है, जिसका किराया मेट्रो की तुलना में कम ही है। जिस हिस्से में मेट्रो चलेगी, उसमें सिटी बस से सफर करने पर 30 रुपए का खर्चा आता है, जबकि इतनी ही दूरी के लिए मेट्रो कॉर्पोरेशन 80 रुपए तक का किराया वसूल करेगा। यानी बस की तुलना में 50 रुपए अधिक लगेंगे। यह अवश्य है कि समय बचेगा, लेकिन यात्रियों के पास निजी वाहन के अलावा बस, ई-रिक्शा सहित अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। दूसरी तरफ पार्किंग से लेकर अन्य समस्याएं भी कॉर्पोरेशन ने दूर नहीं की है।

इंदौर-भोपाल मेट्रो की लागत भी लेटलतीफी के चलते बढ़ गई है। कल कैबिनेट बैठक में भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट की बढ़ी हुई लागत और अतिरिक्त वित्त पोषण के लिए 13565.84 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसमें मूल लागत 6941.40 करोड़ में 3092.22 करोड़ रुपए की अतिरिक्त लागत जोड़कर कुल 10 हजार 33.62 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं इंदौर मेट्रो के लिए जो अंडरग्राउंड रुट खजराना चौराहा से एमजी रोड के लिए बनाया गया उस पर कल भी कोई चर्चा-निर्णय नहीं हुआ। दूसरी तरफ मेट्रो कॉर्पोरेशन अभी गांधी नगर से रेडिसन चौराहा के बीच 16 स्टेशनों के माध्यम से ट्रेन का व्यावसायिक संचालन शुरू करने जा रहा है। 20-21 जून से इसका शुभारंभ होगा और उसके साथ ही लिए जाने वाले किराए, पार्किंग समस्या सहित अन्य पर सवाल उठने लगे हैं।

इंदौर मेट्रो का किराया देश में चल रही अन्य शहरों की मेट्रो की तुलना में ज्यादा है। यहां तक कि सबसे सफल दिल्ली मेट्रो से भी इंदौर मेट्रो का किराया अधिक है।

### सीएम डॉ. यादव ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल में सफर किया। इसके पहले उन्होंने टिकट काउंटर पर पहुंचकर टिकट भी लिया।

हालांकि कॉर्पोरेशन का तर्क है कि लखनऊ मेट्रो का फेयर मॉडल इंदौर के लिए अपनाया गया है। भविष्य में भी कमेटी आंकलन कर किराए का निर्धारण कर सकेगी। दिल्ली मेट्रो की तुलना में जहां लगभग दो गुना किराया इंदौर मेट्रो में वसूल किया जाएगा, तो लखनऊ मेट्रो की तुलना में भी लगभग 30 रुपए की राशि अधिक ही ली जा रही है। 15 से अधिक मेट्रो स्टेशन की यात्रा करने पर लगभग 80 रुपए का खर्च आएगा, जबकि अभी इसी रूट पर जो सिटी बस चल रही है, उसमें इतनी ही दूरी तय करने के एवज में 30 रुपए चुकाना पड़ते हैं। सवाल यह है कि 50 रुपए अधिक देकर कितने यात्री बस से उतरकर मेट्रो ट्रेन में बैठेंगे? शुरुआत में मेट्रो का आनंद लेने के लिए भले ही कर ली जाए, मगर रोजाना इसका सफर करना आम आदमी को महंगा पड़ेगा।

## सीएम और मंत्री की नाराजगी के बाद पीडब्ल्यूडी प्रमुख इंजीनियर पर गिरी गाज



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ◐ लोक निर्माण विभाग के प्रभारी प्रमुख अभियंता केपीएस राणा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विभागीय मंत्री राकेश सिंह की नाराजगी के बाद बुधवार देर रात हटा दिया गया। उनके स्थान पर अब जबलपुर में पदस्थ प्रभारी मुख्य अभियंता आरएल वर्मा नए प्रभारी प्रमुख अभियंता बनाए गए हैं। प्रदेश में तबादले की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद विभाग प्रमुख स्तर के किसी अधिकारी पर की गई यह पहली कार्रवाई है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले दो-तीन माह से विभाग में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। मंत्री राकेश सिंह जिस गति और गुणवत्ता के साथ काम चाहते हैं, वह नहीं हो पा रहा था। कई बार प्रशासनिक नियंत्रण में कमी की बात भी सामने आई। गारंटी पीरियड की सड़क को अवधि समाप्त होने से पहले ही बनाने के प्रस्ताव आ गए, जो आगे भी बढ़ गए। विभाग ने मामले की गंभीरता को समझा और संबंधित इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। वहीं, सिंहस्थ को लेकर मंत्रिमंडल समिति की मंगलवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने भी काम की गति को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ के बाद यहां भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या आएगी, उसके हिसाब से आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।

### न्यूज ब्रीफ

- चीन ने यूरोपीय यूनियन के होने वाली हाई-लेवल मीटिंग्स रद्द कीं
- केरलम के पूर्व सीएम पिनराई विजयन की बेटी वीणा को ED ने जारी किया समन
- कुवैत ने बंद किया अपना एयरस्पेस, ईरानी हमले के बाद कई फ्लाइट्स डायवर्ट
- चीन के गुआंगशी में भीषण ब्लास्ट, 7 लोगों की मौत और 17 घायल
- तेहरान विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य और ओरिएंटलिज्म के प्रोफेसर ने ट्रंप पर विवादित टिप्पणी
- अमेरिका ने ईरान पर किए ताबड़तोड़ हमले, कई इलाकों में सुनाई दी धमाकों की आवाज
- 'डरा-धमका कर कोई समझौता नहीं करा सकता USA, UN में बोले ईरान के राजदूत
- गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार, आईटी सेक्टर में बिकवाली हावी
- अफगानिस्तान ए ने भारत ए को दिए दो झटके, वैभव के बाद प्रियांश भी आउट
- मणिपुर में बवाल: अगवा हुए छह लोगों के शव 28 दिन बाद बरामद, अस्पताल के बाहर भीड़ पर दागे गए आंसू गैस के गोले

### राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी के बीच 10 जनपथ पर हुई 90 मिनट की मीटिंग

## टीएमसी में 'खेला' के बाद कांग्रेस से विलय की सुगबुगाहट

**कोलकाता (एजेंसी)** ◐ टीएमसी में बगावत के बीच पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से करीब 90 मिनट तक मुलाकात की। यह बैठक 10 जनपथ पर हुई, जिसमें विपक्षी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई।

सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए मजबूत गठबंधन की इच्छा जताई है। इस मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में



तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के विलय की चर्चाएं फिर से जोर पकड़ ली है। हालांकि बुधवार को कांग्रेस ने साफ किया है कि विलय का कोई प्रस्ताव तृणमूल की तरफ से आना चाहिए, वे वे खुद इस पर दबाव नहीं बना रहे हैं। सोमवार, 8 जून को ही तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के गले मिलने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। ममता बनर्जी 1998 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस बनाकर अलग हुई थीं। 2011 में दोनों पार्टियों ने मिलकर पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा सरकार को हराया था, लेकिन बाद में दोनों पार्टियों के बीच रिश्ते खराब हो गए। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया ब्लॉक में दोनों फिर साथ आए। इसके बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल की हार के बाद पार्टी में विद्रोह बढ़ गया है। कई विधायकों और सांसदों ने बागी तेवर अपनाए हैं और बीजेपी-एनडीए की तरफ रुख करने के संकेत दिए हैं। वहीं, बीजेपी नेता राजू तिब्रेवाल ने तंज कसते हुए कहा कि सत्ता के लिए ये लोग कुछ भी कर सकते हैं। राहुल गांधी और सोनिया गांधी के पास खुद छत नहीं है, तो ये टीएमसी को क्या शरण देंगे?

## एमबीए छात्रा से 1.45 लाख रुपए की ठगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◐ शहर में एमबीए की एक छात्रा के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि छात्रा ने अपने दूसरे मोबाइल नंबर पर पेटीएम एप डाउनलोड किया था। इसके बाद उसने अपना बैलेंस चेक किया। इसी दौरान आरोपियों ने उसका मोबाइल हैक कर बैंक खाता खाली कर दिया। हीरानगर पुलिस ने नेहा राजपूत नामक छात्रा की शिकायत पर ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है।

### इंदौर में सफाई के नए नियम लागू

## 100 किलो कचरे का खुद करना होगा निपटान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◐ नगर निगम ने शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) के नए नियम लागू कर दिए हैं। अब प्रतिदिन 100 किलो या उससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाली संस्थाओं को थोक कचरा उत्पादक (बल्क वेस्ट जनरेटर - BWG) माना जाएगा। ऐसी संस्थाओं को अपने परिसर में ही गीले कचरे का निपटान करना होगा और कचरा प्रबंधन के लिए अलग व्यवस्था करनी होगी।

नगर निगम द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 लागू किए हैं। ये नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हैं और अब नगर निगम सीमा क्षेत्र में इनका पालन अनिवार्य कर दिया गया है। नए नियमों के दायरे में मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संघ और अन्य बड़े संस्थान शामिल होंगे। यदि ये संस्थान प्रतिदिन 100 किलो या उससे अधिक कचरा पैदा करते हैं, तो उन्हें थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माना जाएगा।

नगर निगम ने ऐसे संस्थानों के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी थोक कचरा उत्पादकों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के केंद्रीकृत पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। संस्थानों में गीले, सूखे और घरेलू खतरनाक कचरे को अलग-अलग रखना अनिवार्य होगा।

## फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी कलेक्टर का कड़ा संदेश!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ◐ शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही बरतने वाले होटल, मॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। संभावित अग्निकांड और जनहानि की आशंका को देखते हुए मंगलवार को निगम ने विशेष अभियान चलाकर कई संस्थानों पर कार्रवाई की।



नगर निगम फायर ब्रिगेड विभाग और भवन अनुज्ञा शाखा की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया। जांच के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 10 होटल, 4 व्यावसायिक भवन, एक रेस्टोरेंट और एक मॉल को सील कर दिया गया। अपर आयुक्त प्रखर सिंह के अनुसार निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में आवश्यक फायर फाइटिंग सिस्टम या तो उपलब्ध नहीं थे, अथवा स्थापित उपकरण अनुपयोगी और खराब स्थिति में पाए गए। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीलिंग की कार्रवाई की गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी है। पिछले कुछ समय में इसी तरह की कार्रवाई करते हुए अब तक 32 भवनों को सील किया जा चुका है। प्रशासन का मानना है कि भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक स्थलों पर अग्नि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की कमी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इंदौर कलेक्टर ने किसी भी प्रतिष्ठान में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं लगाने या उचित देखरेख नहीं करने वालों को सख्त चेतावनी दी है।

### राम मंदिर दान प्रकरण में नया मोड़

## एक और महंत की एंट्री, बोले- मन में संदेह पैदा हो रहा

**लखनऊ (एजेंसी)** ◐ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि की हेराफेरी का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंच गया है। भाजपा नेता रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री को इस संबंध में एक शिकायती पत्र भेजा था। इस प्रकरण ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र सोमवार को अचानक अयोध्या पहुंचे थो, उन्होंने बंद कमरे में एक बैठक की, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

अब एक और महंत की एंट्री हो गई। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान व्यवस्था को लेकर उठे विवाद पर महंत कमल नयन दास ने कहा कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जांच करने वालों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं, जिससे लोगों के मन में संदेह पैदा हो रहा है।

**आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की** -सूत्रों के अनुसार, मिश्र ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ भी विस्तृत बात की। यह बैठक पूरी तरह गोपनीय रखी गई थी। इसकी कार्यसूची को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। बैठक के बाद वह मंगलवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

न्यूज ब्रीफ

## नागरिक अलंकरण सम्मान समारोह हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कवि कला और कलाकार कल्याण कोष शहर में एक अनूठा आयोजन करने जा रही है। समिति के विनोद सोनगीर 'विनम्र' ने बताया कि ये सम्मान समारोह सबसे अलग है क्योंकि इसमें हर इंदौरी को या यूं कहें हर भारतीय नागरिक को सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान समारोह नि:शुल्क है जिसमें नागरिकों को गूगल फॉर्म में केवल अपना नाम, फोटो, कार्य और मोबाइल नंबर ही देना है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई जानकारी या उपलब्धि आदि नहीं भेजनी है। आयोजन समिति पिछले सात वर्षों से सांस्कृतिक कार्यक्रम करती आ रही है जिसमें कवि, शायर, सिंगर्स विविध विधा के कलाकार तथा कलाकृतियों को समुचित अवसर प्रदान किए जाते रहे है। कवि कला और कलाकार कल्याण कोष अब तक पांच सौ से अधिक कलाकारों का सम्मान कर चुकी है।

## 5.39 करोड़ हितग्राहियों को नि:शुल्क खाद्यान्न आवंटित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि दिसम्बर, 2023 से अभी तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत 5.39 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को कुल 24,209 करोड़ रूपये का 74.31 लाख में. टन नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को नि:शुल्क राशन का वितरण करने के लिए असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों की 29 वी प्राथमिकता श्रेणी सम्मिलित की गई। इसमें असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों के 7.82 लाख परिवारों के 27.80 लाख नवीन श्रमिकों को पात्रता पर्ची जारी कर नि:शुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : 20 को इंदौर से रवाना होगी विशेष ट्रेन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत इंदौर जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा आयोजित की जा रही है। यह यात्रा 20 जून को विशेष ट्रेन से प्रारंभ होगी। यात्रा में इंदौर जिले के साथ ही धार, बड़वानी और देवास जिले के वरिष्ठ नागरिक शामिल होंगे। योजना के तहत तीर्थयात्रियों का दल शनिवार, 20 जून को इंदौर से रवाना होगा तथा मंगलवार 23 जून 2026 को वापस लौटेगा। इस यात्रा के लिए 191 सीटें आरक्षित की गई हैं। यात्रियों के साथ 4 से 5 अनुरक्षक भी यात्रा में शामिल रहेंगे। यात्रा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 जून 2026 निर्धारित की गई है।

## यूनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा 13 जून को नी एवं हिप स्क्रीनिंग कैंप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बदलती जीवनशैली, बढ़ती उम्र और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण नी और हिप से जुड़ी समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। कई लोग शुरुआती लक्षणों को सामान्य दर्द समझकर नज़रअंदाज कर देते हैं, जिससे समस्या समय के साथ गंभीर रूप ले सकती है। इसी विषय पर जागरूकता बढ़ाने और लोगों को समय रहते विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल इंदौर द्वारा 13 जून को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक नी एवं हिप स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा।

## लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कई दिनों तक अफवाहों और शहरों में नकाबपोश कैदियों की झलक के बीच सोशल मीडिया पर अनेकों चर्चाएं छिड़ीं। अब नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ साझेदारी में निर्मित लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को शुरू हो रही है।

# इंदौर में विदेशी डेलिगेट्स जमकर झूमे...

### आमों का चखा स्वाद :20 देशों के प्रतिनिधियों ने राजवाड़ा में हेरिटेज वॉक की, मालवा की संस्कृति से हुए रूबरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में चल रहे 5 दिन के ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का बुधवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 20 ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि राजवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने होलकरकालीन ऐतिहासिक धरोहर का अवलोकन किया। इतिहासकार जफर अंसारी ने उन्हें इंदौर के इतिहास, संस्कृति और राजवाड़ा के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार पहुंचा, जहां उन्हें मध्यप्रदेश की कृषि, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमिता की झलक दिखाई गई। इस बीच उन्होंने मालवी कलाकारों के साथ लोकनृत्य किया, आमों का स्वाद भी चखा।

ग्रामीण हाट में विदेशी मेहमानों का मालवा की परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। उन्हें पारंपरिक



पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। जनजातीय कलाकारों ने लोक और जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किए। कलाकारों की प्रस्तुति से प्रभावित होकर कई विदेशी प्रतिनिधि भी नृत्य दल के साथ शामिल हुए और पारंपरिक धुनों पर थिरकते नजर आए। प्रतिनिधियों ने ओडीओपी योजना के तहत लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण किया। बुरहानपुर के केले से बने उत्पाद, बालाघाट का जीआई टैग प्राप्त चिन्नौर चावल, रीवा के आम, झाबुआ की पारंपरिक फसलें और विभिन्न कृषि उत्पादों की जानकारी ली। प्रतिनिधियों ने आमों का स्वाद चखा और उनकी क्वालिटी, स्वाद और खुशबू की तारीफ की। मृगनयनी के चंदेरी, महेश्वरी और कोसा वस्त्रों के साथ प्राकृतिक शहद, ए-2 दुग्ध उत्पाद, हर्बल सामग्री और महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को भी सराहा। प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के कृषि, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण उद्यमिता मॉडल की प्रशंसा की। सम्मेलन की शुरुआत 9 जून से कृषि कार्य समूह की बैठकों के साथ हुई।

#### कल भारत-रूस के बीच हुई अहम बैठक

सम्मेलन के पहले दिन मंगलवार को भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें कृषि व्यापार बढ़ाने, तकनीकी सहयोग मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने जलवायु अनुकूल खेती और कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों के अलावा साझेदार देशों के कृषि मंत्री, अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। आयोजन 9 से 13 जून तक इंदौर में होगा।

## रक्तदान शिविर 14 जून रविवार को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रक्त न फैक्ट्री में बनता है, न पेड़ पर उगता है और न ही खेत से मिलता है। ये तो वो दुलर्भ चीज है, जो सिर्फ एक इंसान से ही दूसरे को मिल सकता है। भगवान ने मनुष्य को इस लायक बनाया है, कि वो रक्तदान कर दुसरों को जीवनदान दे सकें, तो आइये रक्तदान करें, औरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र, श्री लक्ष्मी माहेश्वरी महिला संगठन पूर्वी क्षेत्र, श्री माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र, मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल, बांगड़ मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 14 जून रविवार को मेडीकेयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के द्वारा गीता भवन मंदिर में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है।

## महापौर भार्गव ने वार्ड-9 में किया निरीक्षण मानसून पूर्व तैयारियों के दिए निर्देश

### हर घर जल संरक्षण बने जनआंदोलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और प्रत्येक परिवार को वर्षा जल संचयन से जोड़ने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव लगातार विभिन्न वार्डों में पहुंचकर नागरिकों से संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने विधानसभा-1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-9 का दौरा कर जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया तथा नागरिकों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। दौरे के दौरान महापौर ने क्षेत्र में स्थापित वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया और उन घरों का भी निरीक्षण किया, जहां रहवासी वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए महापौर ने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है। यदि हर घर में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित हो जाए तो भविष्य में जल संकट की चुनौतियों को



काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। दौरे के दौरान महापौर ने मानसून पूर्व व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहां समय रहते सुधारात्मक कार्य किए जाएं ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से संकरी गलियों और संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाने तथा नालियों में जमा गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए ताकि वर्षा के दौरान पानी का प्रवाह बाधित न हो और जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

## इंदौर को मिला एक और आधुनिक लॉजिस्टिक्स हब, 600 करोड़ से अधिक का निवेश होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहे इंदौर को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। एमपीआईडीसी द्वारा XSIO Logistics को ग्राम-माचल, जिला-इन्दौर में 23.33 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। कंपनी द्वारा एक अत्याधुनिक एवं एकीकृत लॉजिस्टिक्स हब स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना में वैश्विक निवेश कंपनी Blackstone द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया जा रहा है।

प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स पार्क में 600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा तथा इसके माध्यम से 4,000 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होना प्रस्तावित है। यह परियोजना प्रदेश में लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रस्तावित लॉजिस्टिक्स



हब का सीधा संपर्क इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग से होगा। साथ ही यह परियोजना इंदौर-पिथमपुर इकोनोमिक कॉरिडोर से भी जुड़ी होगी, जिससे माल परिवहन की गति और दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह सुविधा विशेष रूप से पिथमपुर सेक्टर-7, मोहना औद्योगिक क्षेत्र तथा आसपास स्थित औद्योगिक इकाइयों को विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध कराएगी। यह नया लॉजिस्टिक्स पार्क पश्चिमी इंदौर क्षेत्र में विकसित हो रहे व्यापक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा। पहले से विकसित हो रहे 1,110 करोड़ रुपये के मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, पिथमपुर तथा CONCOR द्वारा संचालित आई.सी.डी. टीही की लॉजिस्टिक्स सुविधा के साथ मिलकर यह परियोजना इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र में एक मजबूत एवं समग्र लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का निर्माण करेगी जो लॉजिस्टिक्स लागत को लगातार खत्म करेगी। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति के अनुसार इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से इंदौर एवं पिथमपुर क्षेत्र देश के प्रमुख औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स केंद्रों में अपनी स्थिति और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान कारोबारी और पुलिस में विवाद

### एसआई पर नशे में ड्यूटी करने का आरोप, अधिकारियों को की शिकायत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एमआईजी थाना क्षेत्र में एबी रोड पर मंगलवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के दौरान गुजराती कारोबारी और पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। कारोबारी ने चेकिग कर रहे एसआई पर नशे की हालत में ड्यूटी करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार... गुजरात निवासी कारोबारी महावीर सिह अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर मध्यप्रदेश आए थे। उन्होंने महाकाल दर्शन और ओंकारेश्वर में पूजा-अर्चना के बाद इंदौर में रुकने का निर्णय लिया था। वे बच्चों की इच्छा पर कार से सी-21 मॉल क्षेत्र की ओर घूमने निकले। इसी दौरान एबी रोड पर पुलिस की ड्रिक एंड ड्राइव चेकिग चल रही थी। पुलिस ने उनकी कार को रोककर जांच की। कारोबारी का कहना है कि वाहन में उनके साथ चालक भी मौजूद था, जिसने शराब का सेवन नहीं किया था। जांच के दौरान पुलिस ने चालक के साथ-साथ उनसे भी ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराने को कहा।

#### वाहन जब्ती की कार्रवाई पर जताया विरोध

महावीर सिह के मुताबिक... पुलिसकर्मियों ने शराब की गंध आने की बात कर वाहन जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। कारोबारी ने इसका विरोध किया और पुलिस के निर्णय पर सवाल उठाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ गई। कारोबारी ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद एसआई शैलेन्द्र अग्रवाल खुद नशे में दिख रहे थे। उन्होंने एसआई से भी ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराने की मांग की, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से परहेज किया।

#### चालान बनाकर कार थाने भेजी

विवाद के बाद पुलिस ने कारोबारी का चालान बनाया और वाहन को थाने भिजवा दिया। महावीर सिंह का कहना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ टैक्सी के जरिए होटल लौटना पड़ा। पूरी घटना से जुड़े कई वीडियो उनके मोबाइल में सुरक्षित हैं, जिन्हें जांच के दौरान साक्ष्य के रूप में पेश करेंगे।

## सवा दो माह में बिजली चोरी, अनियमितता के 7600 से अधिक प्रकरण बनाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर बिजली कनेक्शनों की जांच, चोरी पकड़ने एवं गलत उपयोग को लेकर कार्रवाई की जा रही है। जारी वित्तीय वर्ष में करीब सवा दो माह के दौरान 7600 से अधिक स्थानों पर चोरी, उपयोग के दौरान अनियमतताएं मिलने पर पंचनामें बनाकर राशि वसूलने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी एसआर बमनके ने बताया कि कंपनी द्वारा समय समय पर नियमानुसार कनेक्शन लेने, जिस कार्य/प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया हैं ,उसी के हिसाब से उपयोग करने का आह्वान किया जाता हैं, इसके बाद भी लापरवाही, अनियमितता, चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बमनके ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान अप्रैल, मई व जून के एक सप्ताह के दौरान 7600 से ज्यादा पंचनामें विजिलेंस शाखा व मैदानी अमले द्वारा बनाए गए हैं। अब तक बिल राशि, जुर्माना इत्यादि को लेकर साढ़े सात करोड़ से ज्यादा की राशि वसूली जा चुकी हैं। बमनके ने बताया कि प्रकरणों की संख्या एवं वसूली गई राशि दोनों ही गत वर्ष समान अवधि की तुलना में क्रमशः 29% एवम् करीब 12% अधिक हैं।



## 350 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मेव एजुकेशनल वेल्फेयर अवेयरनेस ट्रस्ट, इंदौर द्वारा आज अहिल्या माता कॉलोनी (रानी सती गेट) स्थित चरक हॉस्पिटल कैम्पस के संतोष ऑडिटोरियम (फिल्म भवन) में 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एव आईएएस अधिकारी शोएब अख्तर मेव उपस्थित रहे।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया बिल्कुल नया इंट्रा वी40

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज अपनी नई इंट्रा वी 40 लॉन्च करके वैकल्पिक ईंधन मोबिलिटी के क्षेत्र में अपनी कोशिशों को और तेज़ कर दिया है। इसके साथ ही, कंपनी ने तेज़ी से बढ़ते छोटे कमर्शियल वाहन और पिकअप सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और मज़बूत किया है। ज़्यादा लोड और ज़्यादा कुशलता वाले कामों के लिए डिज़ाइन की गई इंट्रा वी 40 में सीएनजी + पेट्रोल की दोहरी ईंधन तकनीक के साथ-साथ अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन लोड बॉडी दी गई है।

# दिगंबर जैन में विवाद बढ़ा, मुनिश्री आदित्यसागर महाराज बोले- अध्यक्ष बताएं किसे गीदड़ बोला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर दिगंबर जैन सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा की शेर-गीदड़ वाली टिप्पणी पर विवाद और गहरा गया है। मुनिश्री 108 आदित्यसागर जी महाराज ने बयान पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि आखिर गीदड़ किसे कहा गया। समाज में भी इसे लेकर विरोध बढ़ रहा है।

आनंद गोधा ने गुना में आचार्य सुधासागर जी महाराज के सामने शेर-गीदड़ वाली टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद समाज के कई लोगों ने आपत्ति जताई है। मुनिश्री 108 आदित्यसागर जी महाराज ने भी इस पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पूछा कि गीदड़ किसे कहा गया, इसका जवाब दिया जाए। गोधा पहले ही कह चुके हैं कि उन्होंने समाज को गीदड़ नहीं कहा है। दिगंबर जैन सामाजिक संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा की आचार्य सुधासागर जी महाराज के सामने गुना में की गई कई विवादित टिप्पणी चर्चा में हैं।



#### आनंद गोधा ने यह बोला था

आचार्य सुधासागर जी महाराज के सामने गोधा ने कहा था कि आप जैसा शेर आ जाएगा तो सारे गीदड़ भाग जाएंगे और गुरुदेव, हम उन्हें भगाना चाहते हैं क्योंकि समाज में कुछ करना चाहते हैं। समाज के लोग चाहते हैं युवा पीछे हों और उनकी दुकान फिर चालू हो। दुकान हमने मुश्किल से अपनों को सुपुर्द की है। आपको मंदिर के बैनर पर नहीं, पूरे इंदौर के बैनर पर हम ला रहे हैं। यह पूरे इंदौर के बैनर पर चातुर्मास होगा।

#### समाज में इस बात पर है नाराजगी

समाज में इस बात को लेकर नाराजगी है कि हमारा समाज अहिंसा को लेकर जाना जाता है। वहीं गोधा आचार्य और समाज की तुलना शेर व गीदड़ जैसे जानवरों से कर रहे हैं। आचार्य को शेर कह रहे हैं और समाजजन को गीदड़ बताने पर आपत्ति है। साथ ही समाज के मामले में दुकान जैसे शब्दों के उपयोग से भी नाराजगी है।

इसमें जैन महाराज सुधासागर को शेर और बाकी को गीदड़ बताने जैसी टिप्पणी की गई थी। साथ ही समाज में भी कई लोगों द्वारा दुकान चलाने व अन्य कई बातें बोली गईं। इसे लेकर अब इंदौर में श्रुत संवेगी महाश्रमण श्री 108 आदित्यसागर मुनिराज ने अध्यक्ष गोधा को जमकर नसीहत दी है।

मुनिश्री 108 आदित्यसागर जी महाराज ने कहा कि बोलने वाले के पास विवेक होना चाहिए। समाज के अध्यक्ष के पास ज्यादा विवेक होना चाहिए। वह जब पैदा नहीं हुए थे, तब सर सेठ हुकमचंद जी ने इंदौर को सींचा था। वह यह नहीं बोल सकते हैं कि इंदौर को किसी ने कुछ नहीं दिया। समाज के दस लोग समाज को नहीं चलाते हैं। यदि किसी को लगता है कि वह सर्वेसर्वा है तो चुनाव करा लें, दूध का दूध हो जाएगा। चुनाव भी उन्हें पुराने अध्यक्ष ने ही जितवाया था। अध्यक्षजी ने किसे गीदड़ बोला वह बताएं, किसी साधु को बोला या समाज के वरिष्ठ लोगों को बोला। उन्होंने आगे कहा कि मैं इंदौर कई बार आया हूं, लेकिन कभी किसी अध्यक्ष ने ऐसा वक्तव्य नहीं दिया है। योग्य व्यक्ति यदि गद्दी पर नहीं आएगा तो काम बिगड़ जाएगा।

शब्द ही बताता है कि कितनी गहराई है। जिसके पास वक्तव्य कला नहीं हो, उसे गद्दी पर नहीं बैठना चाहिए, क्योंकि उनके कारण पूरा समुदाय बदनाम होता है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 11 जून 2026

## न्यूज ब्रीफ

### जन-जन की आस्था के केंद्र बिंदु हैं राम और कृष्ण : जगदगुरु चैतन्य महाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत भूमि अवतारों की भूमि है। सनातन संस्कृति में नदी, पपर्वत, वृक्ष और जीवों को भी पूजनीय और वन्दनीय माना गया है। दुनिया के किसी अन्य देश में ऐसे विराट चिंतन का प्रमाण नहीं मिलता। भगवान जब भी अवतार लेते हैं, सज्जनों का कल्याण और दुष्टों का विनाश ही होता है। राम और कृष्ण अपनी लीलाओं से पृथ्वी लोक का कल्याण करने के लिए ही अवतरित हुए हैं। आज भी ब्रज क्षेत्र के कण-कण में राधा और कृष्ण की सुगंध रची-बसी है। राम और कृष्ण जन-जन की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। ये दिव्य विचार हैं वृन्दावन के जगदगुरु श्री गोपेश्वर चैतन्य महाराज के, जो उन्होंने बुधवार को मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीराम एवं कृष्ण जन्म प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए।

### वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल के सेवा प्रकल्पों के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख, समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल का बुधवार को यशवंत निवास रोड स्थित अग्रवाल हाउस पर संस्था मानवता की पहचान, छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, मप्र वैश्य महासम्मेलन, अग्रसेन महासभा एवं शहर के अनेक अग्रवाल-वैश्य संगठनों की ओर से अभिनंदन किया गया। फाउंडेशन द्वारा देशव्यापी सेवा कार्यों एवं पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रकल्पों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु यह आयोजन किया गया। गत 6 जून से शहर में चार दिवसीय रक्तदान शिविरों के दौरान 1200 से अधिक लोगों ने चमेलीदेवी अग्रवाल डायग्नोस्टिक रेडक्रॉस सेंटर के सहयोग से रक्तदान किया जिसका उपयोग पीड़ित मानवता की सेवा में किया जाएगा। समाजसेवी विनोद अग्रवाल की पहल पर यह चार दिवसीय रक्तदान शिविर का अभियान बुधवार को अग्रवाल हाउस पर पूरा हुआ, जहाँ सुबह से अनेक लोगों ने रक्तदान किया।

### युगपुरुष धाम में दिव्यांगता को समाज की मुख्य धारा में स्थापित करने वाले 15 युवाओं का सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●पंचकुइया स्थित युगपुरुष धाम पर 'आत्मनिर्भर दिव्यांग-आत्मनिर्भर भारत' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का नया कीर्तिमान बनने के अवसर पर उन 15 दिव्यांग बच्चों और युवाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने युगपुरुष धाम में रहकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया और आज शहर के विभिन्न संस्थानों में रोजगार कर सफलतापूर्वक अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पंचकुइया रोड स्थित युगपुरुष धाम पर एक ही छत के नीचे स्वामी परमानन्द हॉस्पिटल, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, आक्युपेशनल थेरेपी, योग, नृत्य एवं स्पेशल एजुकेशनल के साथ ही अंकुर रिहेब सेंटर का संचालन भी किया जा रहा है, जहाँ दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में बहुआयामी प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री युगपुरुष धाम के सचिव तुलसी धनराज शादिजा, अध्यक्ष जाह्नवी पवन ठाकुर, प्राचार्य डॉ. श्रीमती अनिता शर्मा, डॉ. अंकुर अग्रवाल एवं महाप्रबन्धक डॉ. अनुजा त्रिपाठी ने बताया कि युगपुरुष धाम में आने वाले दिव्यांग बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा करने के उद्देश्य से नियमित उपचार, प्रशिक्षण एवं अन्य थेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# गर्भगृह के सामने का सभा मंडप होगा नीचे, दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनेगा

## खजराना गणेश मंदिर का मास्टर प्लान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भक्तों की आस्था के केंद्र खजराना गणेश मंदिर का काम मास्टर प्लान के हिसाब से शुरू हो रहा है। पहले चरण में गर्भगृह के गेट की चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट भी आ चुकी है। इसका काम भी आगामी एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा। वहीं मंदिर के गर्भगृह के सामने के सभा मंडप को भी नीचे किया जाएगा, ताकि पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन अच्छे से हो सके। पहले चरण के काम में करीब 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं पूरे मंदिर में भी कई काम होंगे। गणेश मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इनमें इंदौर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भक्त भी शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर में पहले चरण के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। इसी कड़ी में मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए द्वार पर लगी करीब 150 किलो चांदी निकाली जा चुकी है, जिसे ट्रेजरी में सुरक्षित जमा करा दिया गया है।

चांदी हटाने के बाद उसकी गुणवत्ता और संरचना की जांच एसजीएसआईटीएस कॉलेज द्वारा कराई गई। जांच रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है, जिसमें आगे किए जाने वाले कार्यों और तकनीकी प्रक्रिया संबंधी सुझाव दिए गए हैं। इसके आधार पर आगामी निर्माण कार्य किया जाएगा।



### दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनेगा

पुजारी भट्ट ने बताया कि मंदिर परिसर में दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें रेलिंग लगाई जाएंगी, जिससे एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुव्यवस्थित तरीके से भगवान के दर्शन कर सकेंगे। मुख्य गर्भगृह के सामने स्टेप दर्शन व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। इससे किसी भी भक्त को भगवान के दर्शन करने में परेशानी नहीं होगी और सभी श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या और आवश्यकता के अनुसार इस व्यवस्था का संचालन किया जाएगा। पंडित भट्ट ने बताया कि मंदिर परिसर में कई स्थानों पर सफेद शेड भी लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा परिसर में स्थित 33 छोटे मंदिरों में से कुछ मंदिरों को व्यवस्थित रूप से एक कतार में स्थानांतरित किया जाएगा, क्योंकि इनमें से कुछ मंदिर झुकाव की स्थिति में हैं।

### पहले चरण में होंगे कई काम

मंदिर के पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति का मास्टर प्लान समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। इसके तहत पहले चरण के कार्य शुरू हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मास्टर प्लान पर लगभग 25 से 30 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जबकि पहले चरण के कार्यों पर 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस चरण में सबसे पहले मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा किया जाएगा।

एसजीएसआईटीएस कॉलेज की तकनीकी रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट में जैकेटिंग की प्रक्रिया, किस हिस्से को पहले हटाया जाना है और निर्माण कार्य किस क्रम में होगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अनुसार पहले संरचना को सुरक्षित रखने के लिए सपोर्ट (तरापे) लगाए जाएंगे और उसके बाद जैकेटिंग का कार्य किया जाएगा।

पंडित भट्ट ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के सामने स्थित सभा मंडप, जहां श्रद्धालु खड़े होकर भगवान के दर्शन करते हैं और छोटी प्रतिमा का अभिषेक करते हैं, उसे करीब दो से ढाई फीट नीचे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पीछे कतार में खड़े श्रद्धालुओं को भी भगवान के दर्शन आसानी से हो सकेंगे। वर्तमान व्यवस्था में आगे खड़े लोगों के कारण पीछे मौजूद भक्तों को दर्शन करने में परेशानी होती है, जिसे इस बदलाव से दूर किया जा सकेगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नेत्र शिविर का आयोजन

### 95 वर्ष के बुजुर्ग के साथ 24 वर्ष तक के युवक को नि:शुल्क विभिन्न नंबरों के चश्मे निशुल्क दिए गए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला, त्रिलोक खत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 12 वर्ष पूरे होने पर सेवा कार्य करते हुए श्री परशुराम सेना इंदौर द्वारा मोदी जी की कुटिया आनंदम केंद्र भंडारे वाले मंदिर यशवंत निवास रोड पर 89 चश्मो का वितरण किया गया इसमें एक 90 वर्ष के बुजुर्ग के साथ, 24 वर्ष के युवा का भी चश्मा बनाया गया।

पं. अनूप शुक्ला ने बताया कि अरविंद हॉस्पिटल एवं मां सेवा स्वास्थ्य फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद बुजुर्ग आशाहय एवं साधु संतों का नेत्र प्रशिक्षण अरविंदो हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह, डॉ वैशाली, डॉ नितिन गहलोत, डॉ देवेंद्र जाटव, द्वारा नेत्र प्रशिक्षण किया गया एवं



अरविंदो हॉस्पिटल में सात लोगों का निशुल्क ऑपरेशन भी किया गया परशुराम सेना के नगर अध्यक्ष पप्पी शर्मा ने बताया कि आज के आयोजन में मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद के एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया, विजयवर्गीय समाज से हरीश विजयवर्गीय, योगेश जैन, एडवोकेट रामेश्वर नरवरिया, राजेश स्वामी, संतोष यादव, वीरेंद्र शर्मा, छोटू उस्ताद, बम साहब थे अतिथियों का स्वागत प्रकाश शर्मा (पप्पी), त्रिलोक खत्री एवं प्रकाश सेरोके के ने किया।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर के शिक्षा सहयोग कार्यक्रम आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के 8 जिनालयों पर रियायती दर पर मिलेंगी कापियां, बांटे जाएंगे छात्रवृत्ति फार्म। फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर* द्वारा *छात्र हित* में *शिक्षा सहयोग कार्यक्रम* का *शुभारंभ 11 जून, गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे* किया जाएगा। *नगर के 8 विभिन्न जिनालयों* पर एक साथ यह कार्यक्रम *गणमान्य अतिथियों व फेडरेशन पदाधिकारीगण* के सानिध्य में संपन्न होगा। योजना के प्रमुख सुत्रधार दिलीप मेहता , ने कहा कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा सहयोग योजना तिलक नगर, गोयल नगर, विजय नगर, छत्रपति नगर, सुदामा नगर, कालानी नगर, क्लर्क कॉलोनी एवं सुकल्या स्थित जिनालयों पर संचालित होगी। 11 जून को शुभारंभ से 14 जून रविवार तक प्रतिदिन प्रात: 8:30 से 10:30 बजे तक रियायती दरों पर कापियां का वितरण किया जाएगा।

## सिलिकॉन वैली में गूंजी इंदौर और मप्र की समृद्ध संस्कृति



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सात समन्दर पार अमेरिका के केलिफोर्निया राज्य के सिलिकॉन वैली, मिल्पिटास शहर में हाल ही मध्य प्रदेश और इंदौर की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को समर्पित एक सांस्कृतिक आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अनेक प्रभावी प्रस्तुतियां सम्पन्न हुई जिन्होंने इंदौर और प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया के अन्य देशों तक पहुंचाने जैसा महत्वपूर्ण काम किया। शास्त्रीय संगीत गायक पंडित गौतम काले और राजीव नेमा की मौजूदगी ने इस सांस्कृतिक संध्या को नए आयाम प्रदान किए। मध्य प्रदेश देसी कनेक्ट की मेजबानी में ग्लोबल यूथ एम्पावरमेंट फाउंडेशन (गीवायईएफ) के दीपक छाबड़ा के सहयोग से आयोजित इस शानदार आयोजन में एमपीडीसी के मेघा नायक, मधुर अग्रवाल और गौरव जैन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय के बीच सांस्कृतिक एकता, परम्पराओं के संरक्षण और अपनी मातृभूमि से भावनात्मक जुडाव का सशक्त सन्देश दिया।

## मई में ऐतिहासिक 44.50 करोड़ यूनिट बिजली वितरण

### पिछले वर्ष से पांच करोड़ यूनिट ज्यादा आपूर्ति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मई में इंदौर शहर में 44 करोड़ पचास लाख यूनिट से ज्यादा बिजली वितरण किया गया है। यह गत वर्ष की तुलना में करीब पांच करोड़ यूनिट ज्यादा हैं। मई माह के दौरान इंदौर शहर में सबसे ज्यादा बिजली मांग 25 मई को 748 मैगावाट रही। इसी माह के दौरान सबसे ज्यादा खपत 26 मई को 1 करोड़ 61 लाख यूनिट रही। मई के दौरान मांग एवं बिजली आपूर्ति दोनों का रिकार्ड बना। मई माह में इंदौर शहर में अब तक की सर्वाधिक मांग का रिकार्ड तापमान में बहुत ज्यादा वृद्धि सतत रहने के कारण बना। मई में कई दिन तापमान 41 डिग्री से लेकर 43 डिग्री सेल्सियस तक बना रहा। ऐसे में शहर मे दो लाख से ज्यादा एयर कंडीशनर चलने के साथ ही पांच लाख से ज्यादा फ्रीज, तीन लाख कूलर, पच्चीस लाख से ज्यादा पंखों का उपयोग शीतलता के लिए किया गया, इससे बिजली की भारी मांग की स्थिति बनी। मई में कई दिनों तक बिजली की मांग मध्यरात बारह बजे भी सात सौ मैगावाट के पार देखी गई, यह समय वह होता हैं, जब शहर के औद्योगिक बिजली मांग करीब आधी हो जाती है, साथ ही व्यापारिक क्षेत्रों की बिजली मांग में 95 फीसदी तक कमी आ जाती है। इसका कारण स्पष्ट हैं कि रात में भी शीतलता के लिए बहुत ज्यादा बिजली उपयोग में लाई गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मई में बिजली की भारी मांग की पूर्ति करने के लिए फरवरी , मार्च में तैयारी की गई थी, ग्रिडों, ट्रांसफार्मरों, कंडक्टरों, केबल की क्षमता का विस्तार भी किया गया था।

**जून की स्थिति**-जून में 10 दिनों के अंतराल से बिजली की सबसे ज्यादा मांग 9 जून को 681 मैगावाट दर्ज की गई। 9 जून को 1 करोड़ 53 लाख यूनिट बिजली की आपूर्ति हुई। जून के 10 दिनों में शहर में करीब 13.50 करोड़ यूनिट बिजली का वितरण हो चुका है।

## गुमास्ता नगर रामद्वारा पर चल रहे चमेलीदेवी योग केंद्र की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गुमास्ता नगर रामद्वारा स्थित चमेलीदेवी योग केंद्र पर स्थापित योग केंद्र के एक वर्ष पूर्ण होने पर नियमित रूप से वहां आने वाले साधकों ने 5 तरह के योग नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए 18 उन साधकों का सम्मान भी किया जो प्रत्येक शिविर में उपस्थित रहे। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केंद्र द्वारा संचालित इस केंद्र सहित शहर में वर्तमान में



18 केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। शिविर संयोजक किशोर गोयल, प्रभारी आशा जैन एवं प्रियंका जैन ने बताया कि केंद्र की स्थापना का एक वर्ष पूरा होने पर बुधवार को सभी साधकों ने अपने योग नृत्यों के माध्यम से शिविर में लिए गए प्रशिक्षण के लाभ बताए।

## केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव 15 जून को इंदौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव 15 जून को इंदौर में भाग लेगी। प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेगी। गौ सेवा, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, विशिष्टजन संपर्क, सेल्फ़ी विद विकास तीर्थ और प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होगी। प्रबुद्धजन सम्मेलन में वर्किंग वुमन, डॉक्टर्स, इंजीनियर, आर्थिक, व्यापारिक, शैक्षिक, खेल, सामाजिक संगठन के प्रबुद्धजन को आमंत्रित किया जा रहा है। सम्मेलन की जिम्मेदारी सचिन बंसल, दीप्ति हाडा, विशाल गिदवानी, बंटी गोयल को तो विशिष्टजन संपर्क की जवाबदारी हरप्रीत सिंह बक्शी और सुधीर कोल्हे को दी गयी है। गौ सेवा की जिम्मेदारी संख्या यादव और मंडल अध्यक्ष सावन को दी गयी है।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते नेटवर्क के पीछे संस्थागत लापरवाही और भीतर की मिलीभगत

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के न्यू कोंडली इलाके में पुलिस ने ऐसे ही मामले में एक सहकारी बैंक के उप प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी कमीशन पर खाते खुलवाने और उनका संचालन करने में मदद करता था। बैंक के भीतर ही जब धोखाधड़ी का रास्ता बन जाए, तो साइबर अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा? सुरक्षा एजेंसियों के तमाम दावों के बावजूद साइबर ठगी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अपराधी ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। इस संजाल की जड़ें इतनी गहरी हैं कि अपराधियों तक पहुंचना जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में अगर बैंक या किसी अन्य संबंधित महकमे के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सांठगांठ में शामिल हों, तो मामला और पेचीदा हो जाता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के न्यू कोंडली इलाके में पुलिस ने ऐसे ही मामले में एक सहकारी बैंक के उप प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी कमीशन पर खाते खुलवाने और उनका संचालन करने में मदद करता था। साइबर अपराधी बैंक में किसी और के नाम से इस तरह के खाते खुलवाते हैं और फिर ठगी के जरिए उसमें आई रकम को दूसरे खाते में भेज देते हैं। सवाल है कि जब सरकारी तंत्र में शामिल कर्मी ही इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हों, तो फिर अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा? गौरतलब है कि देश भर में साइबर ठगी के मामले साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं। अपराधी वित्तीय धोखाधड़ी के लिए 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय भी गंभीर चिंता जाहिर कर चुका है। ताजा मामला भी तभी पकड़ में आया, जब राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच का मिलान किया गया। दरअसल, देश के कई हिस्सों में दर्ज साइबर ठगी की 159 शिकायतों में यह खाता शामिल पाया गया, जिससे करीब 67 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है। इस साजिश से पता चलता है कि देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी का संजाल कहां तक फैला हुआ है। जांच में सामने आया है कि जिसने यह खाता खुलवाया था, वह कभी उस बैंक की शाखा में गया ही नहीं। जाहिर है कि किसी बैंक कर्मी की मदद के बिना यह संभव नहीं है। मगर सवाल यह भी है कि इस खाते से जब करोड़ों रुपए का लेन-देन हो रहा था, तो दूसरे अधिकारियों ने इसकी जांच की जरूरत क्यों नहीं समझी? ऐसे में जरूरी है कि साइबर ठगी के मामलों में बैंक अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। बेंगलुरु पुलिस ने मंगलवार को दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर एक महिला से पहले दोस्ती की और फिर धमकी देकर उससे सोने के गहने और नकद रकम हड़प लिए।

# इंडिया गठबंधन की घटती ताकत और बढ़ती उम्मीदे- कितनी सफल होगी

पाँच जून, 2024 को दिल्ली में इंडिया गठबंधन ने आखिरी बैठक की थी। इसके ठीक दो साल बाद छह जून को दिल्ली में ही इस प्रमुख विपक्षी गठबंधन की बैठक हुई है।इन दो सालों में बहुत कुछ बदल चुका है। तब 25 क्षेत्रीय पार्टियों ने बैठक में हिस्सा लिया था। इस बार ये संख्या घटकर 23 रह गई।तब पार्टी की बैठक में ग़ैर कांग्रेसी पाँच मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। इस बार महज़ एक ग़ैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला थे। अब आम आदमी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके समेत अन्य कई पार्टियों के लिए राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। हालांकि गठबंधन को मज़बूत करने के लिए इंडिया ब्लॉक ने अब हर दो महीने में बैठक करने का फ़ैसला किया है। इस बैठक में भी एसआईआर के मुद्दे को ज़ोरदार ढंग से आगे बढ़ाने के संकेत दिए गए हैं। साथ ही, संसद सत्र के दौरान एलओपी राहुल गांधी की अध्यक्षता में विपक्षी दलों की बैठक किए जाने का भी फ़ैसला हुआ है।जिन पाँच अहम मुद्दों पर इस विपक्षी गठबंधन में सहमति बनी है, उसमें एक प्रमुख मुद्दा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े से जुड़ा है।




बीजेपी के उभार के बाद देश भर में क्षेत्रीय पार्टियां कमज़ोर हुई हैं। क्षेत्रीय पार्टियों से चुनौती न केवल बीजेपी को मिलती थी बल्कि कांग्रेस को भी मिलती थी। इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद घोषित हुए पाँच मुद्दों में सबसे ज़्यादा अहम इस बात को माना कि वे हर दो महीने में एक बैठक करेंगे। उनका मानना है कि इसी से आगे का रास्ता निकलेगा।

इंडिया गठबंधन ने हर दो महीने में बैठक करने का फ़ैसला लिया है। बैठकर बात ही नहीं करेंगे, रणनीति ही नहीं बनाएंगे तो अलायंस का मतलब ही क्या है? फिर तो ये नारा ही है न।''बीते दो साल में ये गठबंधन एक ऑप्टिक्स, एक नारा बनकर रह गया था। अब हर दो महीने में मिलेंगे, भले लड़ेंगे-भिड़ेंगे, जो भी बातें होंगी और जो भी मुद्दे सामने आएंगे, इससे कुछ तो निकलेगा। तो मैं मानती हूँ कि सबसे अहम है।'

वैसे इस समय इंडिया ब्लॉक पर बहुत दबाव है। गौर करें कि जब 2023 में इंडिया गठबंधन की नींव रखी गई थी तब इसके कई नेता सत्ता में थे। खुद ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थीं। तमिलनाडु में एमके स्टालिन, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और पंजाब में भगवंत मान, झारखंड में हेमंत सोरेन, बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव मिलकर सरकार चला रहे थे। केरल में वामदलों की तरफ से पिनाराई विजयन मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल रहे थे। कांग्रेस भी कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल में अपने बूते की सरकार चला रही थी। ममता बनर्जी की जिद्द के चलते 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उतना एकजुट नहीं रह पाया, जितने की उम्मीद की जा रही थी। आज आलम है कि इंडिया गठबंधन के जितने बड़े नेता हैं वह सभी सत्ता से बाहर हैं। केवल हेमंत सोरेन झारखंड जैसे छोटे राज्य में सत्ता चला रहे हैं और कांग्रेस की कुछ एक राज्यों में सरकारें हैं।

गौरतलब है कि इस समय सभी दलों को अपना अस्तित्व बचाने की चिंता है ।2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा भाजपा को बहुमत के भीतर रखने में सफल होने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि उनकी स्थिति बेहतर होगी। दरअसल, लोकसभा चुनाव में काफी आत्मविश्वास दिखाने वाली बीजेपी नतीजों में थप्पड़ मारकर होश में आ गई और बाद के सभी विधानसभा चुनाव जीत गए। इसके विपरीत, उन्होंने अधिक जोश के साथ काम किया और विधानसभा की हार भारतीय गठबंधन के लिए एक चेतावनी थी और 'इंडिया सूबेदार' यह समझने में विफल रहे कि उनका पूरी तरह से मोहभंग हो गया था और उनका मानना था कि भाजपा महाराष्ट्र, तमिलनाडु या पश्चिम बंगाल में सफल नहीं होगी।भाजपा को 'चरसो पार' का दावा करते हुए जितना भ्रम था, विपक्षी दल विभिन्न विधानसभा चुनावों में सुकून लेकर रहे। महाराष्ट्र चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए सार्वजनिक रूप से लड़ने वाली शिवसेना-कांग्रेस की बयानबाजी से लेकर पश्चिम बंगाल में खुद को बुद्धिमान मानने वाले भद्रलोकी बाबूमोसाई तक, भाजपा ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी। 24 घंटे लगातार राजनीति कर रही भाजपा और चुनाव के लिए बिल से बाहर निकलने वाले विपक्षी नेताओं के बीच लड़ाई में कौन जीतेगा, इसका जवाब देने के लिए किसी राजनीतिक पंडित की जरूरत नहीं है। इस प्रकार लोकसभा चुनाव के बाद दो साल में सभी विपक्षी नेताओं की संस्थाएं ध्वस्त कर दी गईं और सभी को एक साथ आना पड़ा। इस बैठक पर ध्यान देने का एक कारण भी यही है।

दूसरा कारण यह है कि सत्तारूढ़ भाजपा, जो अपनी बौद्धिक चपलता और बुद्धिमता खो रही है, विपक्षी दलों के साथ आने का अच्छा समय नहीं है। भाजपा आज राजनीतिक रूप से अजेय लग सकती है, लेकिन यह चुनावी राजनीति तक ही सीमित है। लेकिन आज भाजपा की हकीकत यह है कि पिछले साल कश्मीर हमले के बाद भारत किसी भी अंतरराष्ट्रीय निर्णय लेने की प्रक्रिया में नहीं है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस तथ्य के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं कि आज अमेरिका पाकिस्तान से ज्यादा करीब महसूस करता है। लेकिन आज पाकिस्तान अपने दूसरे प्रतिद्वंद्वी चीन के भी करीब है, हमने ताजा युद्ध में ईरान को नुकसान पहुंचाकर अपने एक समर्थक को खो दिया है, आर्थिक मोर्चे पर रुपये का हर दिन अवमूल्यन हो रहा है और बेरोजगार लोगों की बढ़ती संख्या असहाय महसूस कर रही है। न्यायिक या किसी अन्य स्वायत्त प्रणाली के बारे में बात करने के लिए कोई बेहतर स्थिति नहीं है, और अगर सत्तारूढ़ दल का कोई विकल्प नहीं है, तो यह वास्तविकता लोकतंत्र के अनुकूल नहीं है। हवा का पक्ष लें। यह घटना इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि ये विरोधी 'भारत' गठबंधन के मौके पर एक साथ आए हैं।

इसका मतलब यह नहीं है कि भाजपा अब हार की कगार पर है। कोई भी इस पर विश्वास नहीं करेगा, सिवाय उन लोगों के जिन्होंने अपना विवेक पूरी तरह से खो दिया है। लेकिन कोई भी इस बात से इनकार नहीं करेगा कि यह स्थिति सत्ता में बैठे लोगों की नीतिहीनता को उजागर करने के लिए आदर्श है। ऐसे में विपक्ष यह भूल गया होगा कि शासकों से सवाल करना उनका स्वाभाविक कर्तव्य है। इंडिया अलायंस की बैठक के मौके पर सुधार की सुगबुगाहट देखने को मिली। इसकी जरूरत थी। इसके पूरा होने के बाद अब इस गठबंधन को एक रास्ते पर चलना होगा।

अगर विपक्ष भूल गया है कि यह कैसे करना है, तो उसे 2012 से गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यवहार का अध्ययन करना चाहिए। भ्रष्टाचार से लेकर रुपये के अवमूल्यन तक, झुलसते कश्मीर से लेकर झुलसते पूर्वोत्तर तक, हर सवाल का जवाब मोदी ने अकेले ही उस समय ऐसा माहौल बना दिया था। उस समय भी उन्हें अपनी पार्टी का पूरा समर्थन नहीं मिला था। फिर भी, मोदी ने अपने घोड़ों को पकड़ लिया। हालांकि अब कई लोगों को लगता है कि वह उस समय किए गए किसी भी दावे को पूरा नहीं कर पाए हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उस समय उन पर भरोसा किया गया था। उस समय खुद पर विश्वास पैदा करने में मोदी की सफलता ने लोगों के मन में कांग्रेस के प्रति अविश्वास पैदा कर दिया।

भारतीय गठबंधन को अब लोगों को यह नहीं बताना चाहिए कि सत्ताधारी कितना गलत है और लोग इसे जानते हैं और महसूस करते हैं। इंडिया अलायंस को सच्चाई से परे जाना चाहिए और मतदाताओं के मन में यह स्थापित करना चाहिए कि उनकी नीतियां सत्ताधारियों की नीतियों का पर्याय हैं। विरोधियों को इस महत्वपूर्ण सत्य को नहीं भूलना चाहिए। विपक्ष को नकारात्मकता और निराशा को दूर करना चाहिए और काम पर लग जाना चाहिए। राम गणेश के 'राजसंन्यास' के जीवाजीपंत कहते हैं, 'एक भी सिंहगढ़ ऐसा नहीं है जिसके पास द्रणागिरी की धार न हो जिस पर छेद किया जा सके। विरोधियों को इस बढ़त को खोजने के लिए कौशल विकसित करना होगा। यह बिल्कुल भी संभव नहीं है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक,
समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### 40.3 डिग्री पहुंचा तापमान, फिर गर्मी बढ़ी, मौसम विभाग ने बारिश-आंधी की संभावना जताई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● धार जिले में एक बार फिर गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में आई नरमी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिल रही थी, लेकिन अब मौसम ने फिर करवट बदल ली है। धार शहर में पिछले दो दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी का असर महसूस होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में दोपहर का तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। वहीं, सुबह का तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कुछ दिन पहले तक सुबह का तापमान 18 डिग्री के आसपास था, जिसमें अब करीब 6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम दिखाई दे रही है। खासकर दोपहर में तेज धूप और उमस के कारण आमजन बेहाल नजर आ रहे हैं। हालांकि, मानसून की गतिविधियां सक्रिय बनी हुई हैं, लेकिन इसके बावजूद तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में भी मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। विभाग ने जिले के कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने तक तापमान में इसी तरह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

# सिंगाजी थर्मल प्लांट में उन्नत एसडीएम सिस्टम शुरू, बढ़ेगी बिजली उत्पादन की दक्षता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने बिजली उत्पादन और ग्रिड प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कंपनी के सिंगाजी ताप विद्युत गृह की सभी उत्पादन इकाइयों में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के नवीनतम निर्देशों के अनुरूप उन्नत डेविएशन सेटलमेंट मैकेनिज्म (एसडीएम) सिस्टम सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया है। नई प्रणाली के लागू होने से यह पावर प्लांट अब राष्ट्रीय ग्रिड की रियल-टाइम आवश्यकताओं के अनुसार अधिक सटीक, तेज और प्रभावी ढंग से काम कर सकेगा। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि को आधुनिक विद्युत उत्पादन के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि सटीक पूर्वानुमान, स्मार्ट जनरेशन मैनेजमेंट और संसाधनों के प्रभावी उपयोग में इसकी भूमिका निर्णायक है। यह सिस्टम ग्रिड संतुलन को मजबूत करने के साथ ही कंपनी को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक आधुनिकतकनीक आधारित व्यवस्था विकसित करने में मदद करेगा।

#### क्या है डेविएशन सेटलमेंट मैकेनिज्म (एमडीएम)

डेविएशन सेटलमेंट मैकेनिज्म (एमडीएम) एक नियामकीय व्यवस्था है, जिसे केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने



वर्ष 2024 में लागू किया था। इसका मुख्य काम निर्धारित (शेड्यूल्ड) और वास्तविक विद्युत उत्पादन या खपत के बीच होने वाले अंतर की निगरानी और प्रबंधन करना है। यह सुनिश्चित करता है कि उत्पादन इकाइयां तय शेड्यूल के अनुसार कार्य करें, जिससे ग्रिड का अनुशासन मजबूत हो और बिजली व्यवस्था अधिक सुरक्षित तथा स्थिर रहे।

#### लाइव मॉनिटरिंग से त्वरित निर्णय लेना हुआ आसान

सिंगाजी ताप विद्युत गृह में स्थापित इस उन्नत सिस्टम के माध्यम से अब ग्रिड फ्रीक्वेंसी, घोषित क्षमता, शेड्यूल्ड जनरेशन और वास्तविक विद्युत उत्पादन की लाइव मॉनिटरिंग एक ही प्लेटफॉर्म पर की जा सकेगी। नियंत्रण कक्ष में लगी बड़ी डिस्प्ले स्क्रीन पर रियल-टाइम आंकड़े देखकर संचालन इंजीनियर तत्काल निर्णय ले सकेंगे। इससे उत्पादन को ग्रिड की मांग के अनुरूप समायोजित करने और संभावित विचलनों को कम रखने में मदद मिलेगी।

#### नवीकरणीय ऊर्जा के दौर में बढ़ी ष्ठस्रूकी अहमियत

ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बढ़ते उपयोग के कारण ग्रिड संचालन पहले की तुलना में काफी जटिल हो गया है। ऐसे में उन्नत ष्ठस्रू सिस्टम आधुनिक विद्युत गृहों के लिए एक अनिवार्य तकनीकी उपकरण बन गया है। इस तकनीक से ग्रिड की स्थिरता में सुधार, परिचालन दक्षता में वृद्धि और नियामकीय अनुपालन सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिलेगी।

### साइकिल-किताब वितरण की टाइमलाइन तय की, लापरवाही पर होगी कार्यवाही

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत 16 जून से होने जा रही है। सत्र शुरू होने में अब महज एक सप्ताह का समय शेष है, जिसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सालभर होने वाली अकादमिक गतिविधियों और विभागीय मुद्दों को लेकर विकासखंड खंडवा के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के समस्त प्रधान पाठकों (एचएम) की एक महत्वपूर्ण बैठक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोतीलाल नेहरू में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सह जिला परियोजना समन्वयक पीएस सोलंकी ने दो टूक निर्देश दिए कि सत्र 2025-26 में दर्ज विद्यार्थियों की नवीन सत्र में शत-प्रतिशत मैपिंग की जाए। इस बार विभाग का सबसे ज्यादा जोर अपार आईडी पर है। इसके लिए बाकायदा मेगा अपार आईडी दिवस मनाया जाएगा, ताकि शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की आईडी का निर्माण समय सीमा में हो सके। डीईओ ने स्पष्ट किया कि प्रवेश उत्सव के द्वितीय चरण, निःशुल्क पुस्तक, साइकिल और गणवेश वितरण का काम समय पर पूरा करना होगा। मध्यान्ह भोजन और चाइल्ड ट्रैकिंग का पूरा करना होगा सर्वे बैठक में खंडवा विकासखंड के बीआरसी बीएल वास्कले ने भी विभिन्न सांगठनिक मुद्दों पर प्रधान पाठकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान विभाग में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना, यू डाइस और चाइल्ड ट्रैकिंग के माध्यम से सभी बच्चों का सर्वे अनिवार्य रूप से पूरा करने की बात कही गई। बैठक में बीएसी अकादमिक अर्जुन यादव, सुनील कुमार पंचोरे, गेंदा निगवाल, नितिन बकोरिया और वीरेंद्र भालसे ने भी अपने-अपने प्रभार से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की और एजेंडा सामने रखा। इस महत्वपूर्ण बैठक में विकासखंड के सभी जनशिक्षा केंद्रों के जनशिक्षक भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### पांच महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार, अलीराजपुर से गुजरात जाने की फिराक में था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● टांडा पुलिस ने अवैध शराब बरामदगी के एक मामले में पिछले पांच माह से फरार चल रहे आरोपी नगरसिंह अनारे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घुड़दलिया का निवासी है। उसके घर से पूर्व में 30 पेटी माउंट बीयर जब्त की गई थी। थाना प्रभारी संजय रावत ने बताया कि पिछले साल 28 दिसंबर को देहात भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि नगरसिंह पिता बालू सिंह अनारे ने अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। इस सूचना पर टांडा पुलिस ने दबिश दी थी। पुलिस ने आरोपी के घर से 30 पेटी माउंट बीयर जब्त की थी, जिसकी अनुमानित कीमत 72 हजार रुपये थी। इस मामले में थाना टांडा में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया था और घटना के बाद से लगातार पुलिस से बच रहा था। बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बोरी जिला अलीराजपुर से गुजरात की ओर जाने वाला है। सूचना मिलते ही टांडा पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को भागने का मौका दिए बिना गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत सहित थाना टांडा के पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वीर तेजाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा; 20 जून से होगा पांच दिवसीय महायज्ञ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बदनावर**● बदनावर के ग्राम बखतगढ़ स्थित नवनिर्मित श्री वीर तेजाजी मंदिर में क्षत्रिय जाट समाज पांच दिवसीय धार्मिक महोत्सव आयोजित करेगा। इसके तहत मंदिर में पंच कुंडात्मक महायज्ञ और श्री वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह आयोजन 20 जून से शुरू होकर 24 जून तक चलेगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को नवनिर्मित मंदिर के शिखर पर क्रेन की मदद से लीलण घोड़ी की प्रतिमा स्थापित की गई। आयोजन समिति के मुताबिक, नव निर्मित मंदिर के उद्घाटन के साथ ही श्री वीर तेजाजी महाराज और लीलण घोड़ी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दौरान हर रात भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी।



#### 20 जून से शुरू होंगे धार्मिक अनुष्ठान

धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत 20 जून को हेमाद्रि स्नान, स्वस्ति वाचन, गणपति पूजन, कलश स्थापना, मंडप प्रवेश, देवता आव्हान पूजन और मूर्ति धान्याधिवास से होगी। इसके बाद 21 जून को देवपूजन, अभिषेक, अग्निप्रवेश, हवन और मूर्ति जलाधिवास होगा। वहीं 22 जून को देवपूजन, अभिषेक व मूर्ति पुष्पाधिवास और 23 जून को यज्ञ दर्शन के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

#### आखिरी दिन महाआरती और भंडारा

महोत्सव का समापन 24 जून को देवपूजन, अभिषेक, हवन, मूर्ति संस्कार और प्राण प्रतिष्ठा के साथ होगा। इसी दिन पूर्णाहुति और महाआरती की जाएगी। समापन के मौके पर 24 जून को सुबह 11 बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा, जिसमें आस-पास के गांवों के श्रद्धालुओं को न्योता दिया गया है।

# फीफा विश्वकप से पहले हुए मुकाबले में मेसी के गोल से अर्जेन्टीना ने आइसलैंड को हराया



**अलबामा (एजेंसी) •** लियोनल मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेन्टीना ने फीफा विश्वकप से पहले अपने दोस्ताना मैच में आइसलैंड को 3-0 से हरा दिया। इस जीत से टीम का उत्साह बढ़ा है। इससे मेसी की फिटनेस पर उठे सवाल भी समाप्त हो गये। मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौट रहे मेसी ने मुकाबले की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की, लेकिन जब वह मैदान पर उतरे तो उन्होंने अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। मेसी 70 वें मिनट में मैदान पर उतरे, जिससे स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह भर गया। उनके मैदान पर आने के केवल दो मिनट बाद ही, 72वें मिनट में लोटारो मार्टिनेज के खिलाफ फाउल के लिए मिली पेनल्टी को उन्होंने गोल में बदल दिया। यह गोल उनकी शानदार फिटनेस और खेल कौशल का प्रमाण था, और इसने यह संकेत भी दिया कि वह एक बार फिर विश्व कप के बड़े मंच पर चमकने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अर्जेन्टीना की टीम आइसलैंड के खिलाफ इस मुकाबले में पूरी तरह से हावी रही। मेसी के आने से पहले ही टीम ने दो अन्य गोल दागकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली थी, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और बढ़ा। पूरी टीम ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, जिससे विपक्षी टीम को वापसी का कोई मौका नहीं मिला। इस जीत ने टीम को विश्व कप से पहले एक मजबूत मंच प्रदान किया है।

## जो रूट को पछाड़ हैरी ब्रूक बने नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज, गिल नंबर आठ पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी) •** हैरी ब्रूक ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जो रूट की जगह नंबर 1 बल्लेबाज़ का स्थान ले लिया। ब्रूक 2024 के बाद पहली बार नंबर 1 स्थान पर लौटे हैं। रूट खिसककर नंबर 3 पर आ गए हैं, जबकि ट्रैविस हेड नंबर 2 पर पहुंच गए हैं। अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ़ शतक लगाने के बाद शुभमन गिल दो पायदान ऊपर चढ़कर नंबर 8 पर पहुंच गए। गेंदबाज़ों में, लॉर्ड्स में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ शानदार प्रदर्शन के बाद गस एटकिंसन टॉप 10 में शामिल हो गए। वनडे में, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ पाकिस्तान की सफलता के बाद अबरार अहमद नंबर 2 पर पहुंच गए और शाहीन अफ़रीदी टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब रहे। ब्रूक ने 56 रन बनाकर न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ कम स्कोर वाले पहले टेस्ट में इंग्लैंड को जीत दिलाने में मदद की, जबकि रूट ने 1 और 8 रन बनाए। एटकिंसन ने सात विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है, और वे सात पायदान ऊपर चढ़कर नंबर 10 पर पहुंच गए। हालांकि उन्होंने पूरे टेस्ट में 18 रन बनाए, लेकिन यह टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर 8 से 6 पर पहुंचने के लिए काफ़ी था।

## ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन 2026 : सिंधु तन्वी ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में



**सिडनी (एजेंसी) •** ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन 2026 में बुधवार को स्टार शटलर पीवी सिंधु और युवा सनसनी तन्वी शर्मा ने दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु ने ओलंपिक बुलेवार्ड वेन्यू पर पेरू की इनेस कैस्टिलो को सीधे गेम में 21-13, 21-11 से हराया। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और आधे घंटे से कुछ ज्यादा समय में मुकाबला खत्म कर दिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में सिंधु का मुकाबला हमवतन इशरानी बरुआ से होगा। वर्ल्ड नंबर 39 इशरानी ने चीन की हान कियानक्सी के खिलाफ 22-20, 10-21, 21-14 से जीत दर्ज करने के साथ अगले दौर में जगह बनाई है। 17 वर्षीय तन्वी शर्मा ने वर्ल्ड नंबर-11 चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियन को 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। अगले राउंड में उनका सामना मालविका बंसोड़ से होगा, जिन्होंने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से मात दी है। विमेंस सिंगल्स ड्रॉ में भारत की मौजूदगी और बढ़ी, जब तान्या हेमंत ने यूएसए की इशिका जायसवाल को 21-17, 21-18 से हराया। हालांकि, मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से 19-21, 21-19, 20-22 से हारने के बाद आकर्षी कश्यप का सफर खत्म हो गया।



## फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में शरवरी

**मुंबई (एजेंसी) •** फिल्म मैं वापस आऊंगा को लेकर अभिनेत्री शरवरी वाघ चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। अपने इस अनुभव को लेकर शरवरी वाघ ने कहा, घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था। शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है। अभिनेत्री ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं।

## वीडियो जारी कर शिल्पा शिंदे ने तोडी चुप्पी, विवाद पर दी सफाई



**मुंबई (एजेंसी) •** टीवी धारावाहिक निर्माता संजय कोहली के खिलाफ वर्षों पहले दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर अभिनेत्री शिल्पा शिंदे के नए खुलासे ने उन्हें आलोचनाओं के घेरे में ला दिया है। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन (एआईसीडब्ल्यूए) ने भी इस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसी बीच, अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने एक नया वीडियो जारी कर अपनी चुप्पी तोड़ी है और अपना पक्ष रखा है। शिल्पा शिंदे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील साझा करते हुए उन लोगों को जवाब दिया है जो उनके बयान को लेकर अलग-अलग तरह की बातें कर रहे हैं। उन्होंने अपने वीडियो में कहा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले लोगों को एफआईआर में दर्ज तथ्यों को देखना चाहिए। अभिनेत्री का कहना है कि आज लोग केवल यह दिखा रहे हैं कि संजय कोहली और उनके परिवार को कितना नुकसान हुआ है, लेकिन उनके साथ जो कुछ हुआ, उस पर कोई बात नहीं कर रहा।

## उज्जैन संभाग

# आयुक्त के औचक निरीक्षण में छह कर्मचारी कार्रवाई की जद में, वेतन कटौती के निर्देश

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित पाए गए एक कर्मचारी को निलंबित करने और पांच अन्य कर्मचारियों का दो-दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। आयुक्त मिश्रा सबसे पहले स्थापना शाखा पहुंचे, जहां उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की जानकारी लेने के साथ उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान सहायक वर्ग-3 कर्मचारी अभिषेक रघुवंशी की उपस्थिति 1 जून से दर्ज नहीं मिली। जानकारी में सामने आया कि उन्होंने 1 से 5 जून तक अवकाश के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अवकाश स्वीकृत नहीं हुआ था। इसके बावजूद कर्मचारी 5 जून के बाद भी कार्यालय नहीं पहुंचा।



इस पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने अभिषेक रघुवंशी को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं स्थापना शाखा में अनुपस्थित पाए गए हर्षिल शाह, सहायक वर्ग-3 का दो दिन का वेतन काटने के आदेश भी दिए गए।

### दो-दो दिन का वेतन काटने के निर्देश

स्थापना शाखा के बाद आयुक्त ने जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन शाखा, मानचित्र विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्य व्यवस्था की समीक्षा की गई। निरीक्षण में सोनू मकवाना प्रभारी लिपिक जन्म-मृत्यु शाखा, पूजा चौधरी प्रभारी लिपिक जन्म-मृत्यु शाखा, लक्ष्मी राणावत प्रभारी लिपिक सामान्य प्रशासन तथा राजूबाई भृत्य सामान्य प्रशासन विभाग से अनुपस्थित पाए गए। इस पर आयुक्त ने चारों कर्मचारियों का दो-दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

## पानी पर विवाद, कांग्रेस-भाजपा नेताओं में बहस

दैनिक इंदौर संकेत

**देवास •** मांगलिया को पानी दिए जाने की चर्चाओं के बाद शहर में जल संकट का मुद्दा गरमा गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस की मांग है कि देवास के हिस्से का पानी मांगलिया को न दिया जाए और शहरवासियों के हितों को प्राथमिकता मिले। इसी कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी भाजपा पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस से मिलने पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। कांग्रेस नेताओं ने पार्षद बैस को 'बीजेपी का भक्त' कहकर संबोधित किया। इस पर नाराजगी जताते हुए पार्षद बैस ने पलटवार करते हुए कहा, 'बीजेपी मेरी मां है।'

### पार्षद बोले- कांग्रेस केवल नौटंकी कर रही

पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी केवल 'नेतागिरी और नौटंकी' कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास इस मामले की सही जानकारी नहीं है और वह जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

वहीं, कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे देवास के नागरिकों के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर लगातार आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक देवास के पानी को बाहर भेजने के फैसले पर कोई स्पष्टता नहीं आती, उनका विरोध जारी रहेगा।

## वाहनों में तोड़फोड़, कारों के कांच फोड़े, क्षेत्र में गाड़ियां खड़ी करने का विरोध कर रहे लोग

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** ईदगाह क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। मंगलवार देर रात अज्ञात लोगों ने 6 कारों और एक मैजिक वाहन के कांच फोड़ दिए। इस घटना के बाद से क्षेत्र के रहवासियों में नाराजगी और भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि पिछले एक महीने से लगातार वाहनों में तोड़फोड़ की वारदातें हो रही हैं। इससे पहले भी कई गाड़ियों को निशाना बनाया जा चुका है।

### मैजिक पर किया ईंट से हमला

रहवासी आशीष अटोदिया ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे जब वे घर से निकले और अपनी गाड़ी चेक की, तो उसमें तोड़फोड़ पाई। आसपास खड़ी स्विफ्ट डिजायर, वैगनआर, क्विड, सोनेट सहित कई अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। कुछ गाड़ियों के साइड ग्लास तो कुछ के पीछे के कांच तोड़े गए हैं। एक दिन पहले एक मैजिक वाहन पर ईंट से हमला किया गया था।

ईदगाह के पास करीब 20 से 25 परिवार अपनी गाड़ियां खड़ी करते हैं। इनमें से लगभग 10 से 12 वाहनों को अलग-अलग दिनों में नुकसान पहुंचाया जा चुका है। पहले एक ऑल्टो और मैजिक वाहन को निशाना बनाया गया था और पिछले दो-तीन दिनों में इन घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी हुई है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि कुछ लोग यहां वाहन खड़े करने का विरोध कर रहे हैं। रहवासियों के अनुसार कुछ लोगों द्वारा पहले भी यहां गाड़ियां खड़ी न करने की बात कही गई थी। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन प्रभावित क्षेत्र कैमरों के ब्लाइंड स्पॉट में होने के कारण आरोपियों की तस्वीरें सामने नहीं आ सकी हैं। यही वजह है कि अब तक तोड़फोड़ करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी एक वाहन मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपियों का पता नहीं चल सका था। अब एक साथ कई वाहनों को नुकसान पहुंचने के बाद रहवासी चिमनगंज थाने में सामूहिक शिकायत की तैयारी कर रहे हैं और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## वेश्यावृत्ति ट्रेस करने ग्राहक बना पुलिसकर्मी

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा •** रामनगर क्षेत्र की शिवराज मल्टी में वेश्यावृत्ति का मामला सामने आया है। पुलिस ने दबिश दी तो मौके पर 3 महिलाएं पैसे के लेन-देन को लेकर झगड़ रही थी, वहीं 6 पुरुष मौजूद थे। पुरुषों ने पूछताछ के दौरान खुद को ग्राहक बताया। इसी आधार पर पुलिस ने सभी को धारा 151 के तहत सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया हैं। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जसवाड़ी रोड़ पर बनी चीराखदान मल्टी को शिवराज मल्टी का नाम दिया गया था। इस मल्टी में अनैतिक गतिविधियों की स्थिति लंबे समय से थी।

यही कारण था कि शहर की झुग्गी-बस्तियों से निकाले गए सैंकड़ों परिवार इस मल्टी में रहने से कतरा रहे थे। जिसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने योजना बनाई और इस तरह से अनैतिक गतिविधियों में लिप्त महिलाओं को चिन्हित किया गया। ऐसी सभी महिलाओं पर सख्त कार्रवाई करने की बात कहीं।

### पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर भेजा, प्लान लीक

मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वेश्यावृत्ति के मामले की सूचना मिलने पर एक पुलिसकर्मी को मौके पर ग्राहक बनाकर भेजा था। लेकिन प्लान लीक हो गया और महिलाओं को भनक लग गई। उनके बीच पैसे के लेन-देन का विवाद हो गया। इतनी देर में पीछे जा रही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। जहां 6 पुरुष भी मिले, उन्होंने कबूला कि वे लोग यहां बतौर ग्राहक आए थे।



हालांकि, पुलिस ने देह व्यापार का मामला दर्ज नहीं किया हैं।

टीआई प्रवीण आर्य का कहना हैं कि, देह व्यापार करते हुए महिलाओं को पकड़ा नहीं जा सका। तीनों महिलाओं के बीच में विवाद की स्थिति को देखते हुए शांतिभंग की धारा में सभी को जेल भेजा गया हैं।

# इंदौर का थ्री-आर मॉडल दिल्ली ने माना

## पुराने कपड़ों से बनेंगे बैग, महिलाओं को रोजगार और आय का मिलेगा नया स्रोत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में देशभर के लिए मिसाल बने इंदौर का थ्री-आर (रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल) मॉडल अब देश की राजधानी दिल्ली में भी लागू होने जा रहा है। दिल्ली सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने इंदौर नगर निगम की उस पहल को अपनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत पुराने कपड़ों को कचरे में फेंकने के बजाय उनसे उपयोगी वस्तुएं तैयार की जाती हैं।

योजना के तहत दिल्ली मेट्रो के 10 प्रमुख स्टेशनों पर पुराने कपड़ों के संग्रह केंद्र बनाए जाएंगे। यहां नागरिक अपने अनुपयोगी कपड़े जमा कर सकेंगे। इन कपड़ों को स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं छंटाई, धुलाई और प्रोसेसिंग के बाद बैग, पर्स, दरी, गलीचे सहित अन्य उपयोगी उत्पादों में बदलेंगी। तैयार उत्पादों की बिक्री भी मेट्रो स्टेशनों पर स्थापित आउटलेट्स से की जाएगी इससे कपड़ा कचरे के निपटान की समस्या कम होने के साथ महिलाओं को रोजगार और आय का नया स्रोत भी मिलेगा।




### इंदौर ने 2018 में की थी थ्री-आर की शुरुआत

*इंदौर नगर निगम ने वर्ष 2018 में थ्री-आर कॉन्सेप्ट की शुरुआत की थी। इसके तहत शहर में 15 थ्री-आर सेंटर स्थापित किए गए, जहां पुराने कपड़े, किताबें, फर्नीचर और अन्य अनुपयोगी वस्तुएं नागरिक दान करते हैं। इन वस्तुओं का पुन: उपयोग जरूरतमंदों तक पहुंचाने के साथ-साथ रिसाइकलिंग और रियूज पर विशेष काम किया जाता है। पुराने कपड़ों से बैग और अन्य उत्पाद तैयार कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने इसे रोजगार का माध्यम भी बनाया है।*

**इन स्टेशनों पर संग्रह केंद्र**- शाहदरा, मोहन एस्टेट, रोहिणी वेस्ट, लाजपत नगर, मालवीय नगर, मयूर विहार फेज-1, हौज खास, पंजाबी बाग वेस्ट, द्वारका और शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन पर पुराने कपड़ों के संग्रह की व्यवस्था की जाएगी।

**बजट में भी दिखी थी थ्री-आर पहल**-महिलाओं द्वारा तैयार किए गए रियूज कपड़े के बैग को बढ़ावा देने के लिए इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 7 अप्रैल 2026 को नगर निगम का बजट इसी बैग में रखकर प्रस्तुत किया था। बजट की प्रतियां भी पार्षदों को ऐसे ही बैग में वितरित की गई थीं। इससे स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को पहचान और प्रोत्साहन मिला।

**कई शहरों ने अपनाया**-इंदौर के स्वच्छता और कचरा प्रबंधन मॉडल को कई शहरों ने अपनाया है। काशी सहित विभिन्न शहरों में कचरा संग्रहण, वेस्ट मैनेजमेंट और संसाधनों के पुन: उपयोग में इंदौर के अनुभवों का लाभ लिया जा रहा है।

# खजराना मंदिर पुजारी विवाद : पीड़िता बोलीं-केस वापस लेने का दबाव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारियों और उनके परिवार पर दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोप लगाने वाली डॉ. इंद्रा भट्ट (शर्मा) ने कहा है कि उन पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

पीड़िता का कहना है कि कई राजनीतिक और प्रभावशाली लोग, जिनमें कुछ पार्षद और आरएसएस से जुड़े लोग भी शामिल हैं, उनके घर आकर लगातार समझाइश और दबाव बना रहे हैं। महिला के अनुसार उनसे कहा जा रहा है कि सामने वाला परिवार काफी प्रतिष्ठित और रसूखदार है, इसलिए उन्हें यह लड़ाई छोड़ देनी चाहिए।

महिला ने कहा, 'लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मुझे डर नहीं लगता, लेकिन अब डरने के लिए बचा ही क्या है। अगर न्याय की लड़ाई लड़ते हुए मौत भी आ जाए तो मुझे मंजूर है, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगी।'

एफआईआर दर्ज होने के करीब दो महीने बाद मंगलवार को महिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भी पहुंची। उन्होंने अधिकारियों को आवेदन देकर मांग की कि मंदिर के पुजारी और उनके पति पुनीत भट्ट के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाई जाए।

डॉ इंद्रा भट्ट ने कहा - मेरे द्वारा पति और उनके परिवार पर केस दर्ज कराने के बाद कई पार्षद और आरएएस से जुड़े लोग घर आकर केस खत्म करने का दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों ने मुझे समझाने या डराने की कोशिश की कि सामने वाले लोग बहुत रसूखदार हैं और उनके बड़े लोगों से संबंध हैं।

मुझसे पूछा जाता है कि क्या मुझे डर नहीं लगता। लेकिन अब डरने के लिए बचा ही क्या है? अगर अपने न्याय के लिए लड़ते हुए मौत भी आ जाए तो मुझे स्वीकार है, लेकिन मैं अपने अधिकार और न्याय की लड़ाई से पीछे नहीं हटूंगी।

**आंध्र प्रदेश के केस का जिक्र कर कार्रवाई की मांग**- डॉ. इंद्रा का कहना है कि चूंकि पति पुनीत पर धारा 498 के तहत एफआईआर दर्ज हो चुकी है और घरेलू हिंसा का केस भी अभी लंबित है। इसके बावजूद उनके द्वारा गर्भगृह में प्रवेश कर मंदिर में पूजा-अर्चना की जा रही है। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि खजराना गणेश मंदिर का संचालन मध्य प्रदेश श्री गणपति मंदिर खजराना (इंदौर) अधिनियम, 2003 के तहत होता है। ऐसे में जिन पुजारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें जांच लंबित रहने तक पूजा कार्य और गर्भगृह से दूर रखा जाना चाहिए।

महिला ने आंध्र प्रदेश के भद्रादी कोठागुडेम मंदिर में इसी प्रकार के एक मामले में का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बहू द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मुख्य पुजारी और उनके दत्तक पुत्र को सेवा से निलंबित कर दिया था।

# नेहरू पार्क में 10 दुकानों को किराए पर देने के नहीं मिल रहे किराएदार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर शहर के ही नेहरू पार्क में स्मार्ट सिटी कंपनी के समीप फूड प्लाजा के नाम से कई वर्षों पहले निगम ने दुकानों का निर्माण किया था। यहां पर खाने पीने की चीजें लगाने की बात हुई, लेकिन जल्द ही यह योजना पूरी तरह से विफल हो गई। यहां की सभी दुकानें भंगार हो गई है और कुछ तो अधिक खराब हो रही है जिनका कायाकल्प दुकानें होगा। बताया जा रहा है कि जो बेहतर है उनको किराए पर देने के लिए निगम के मार्ग विभाग ने टेंडर तो जारी कर दिए लेकिन अभी तक कोई किराएदार नहीं मिल रहा है। दरअसल नेहरू पार्क में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया गया फूड प्लाजा पूरी तरह से खराब हो गया है क्योंकि निगम ने इसकी सुध नहीं ली है।

अब परेशानी यह है कि यहां अंदर कोई दुकान किराए पर लेता है और हजारों रुपये निगम को किराया भी देता है तो रोजाना कोई सैर-सपाटे के लिए यहां पर लोग नहीं आते हैं। अब परेशानी यह है कि केवल शनिवार रविवार को शाम के समय थोड़े बहुत लोग यहां घूमने के लिहाज से आते हैं और ऐसे में किस तरह से व्यापार व्यवसाय खुद करेंगे और निगम को किराए देंगे, इसलिए कोई दुकानें लेने को तैयार नहीं है। इधर निगम की मंशा है कि दुकानों को किराए से दे कर जो पैसा आएगा उसी से इन दुकानों का रखरखाव किया जा सकता है। दरअसल फूड प्लाजा का निर्माण वर्ष 2020 में हो गया था, लेकिन पिछले 7 वर्ष से फूड प्लाजा की एक भी दुकान को किराए पर नहीं दिए जाने से पूरी तरह से मार्केट भंगार हो गया है क्योंकि देखरेख नहीं होने से कई दुकानों में दरारें आ गई है तो शटर में भी जंग लग गया है। यहां पर ही देखा जाए तो एक तरह से पूरा मार्केट अटाला मार्केट हो गया है। इधर निगम मंशा है कि दुकानों को लगभग 30 साल के लिए किराए पर दिया जाए ताकि बेहतर काम हो सकता है परन्तु लोग रुचि की नेहरू पार्क नहीं ले रहे हैं।

# यशवंत क्लब के चुनाव 28 जून को होंगे, नामांकन फार्म आज से शुरू, सूचना जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● यशवंत क्लब मैनेजिंग कमेटी के चुनाव को लेकर मंगलवार रात को सूचना जारी हो गई है। चुनाव के लिए वोटिंग और रिजल्ट की तारीख 28 जून तय की गई है। वहीं नामांकन फार्म 10 जून से ही मिलना शुरू हो जाएंगे। चुनाव में जितेंद्र जैन और पम्मी छाबड़ा पैनल आमने-सामने हैं। इंदौर के यशवंत क्लब मैनेजिंग कमेटी के नौ पदों के लिए चुनाव 28 जून को होंगे। इस संबंध में क्लब मैनेजिंग कमेटी ने औपचारिक सूचना जारी कर दी है। इसके लिए नोटिस चस्पा कर दिया गया है। चुनाव में लगभग पांच हजार मतदाता वोट डालेंगे। वोटिंग और काउंटिंग, रिजल्ट 28 जून को होगा।

**यह है चुनाव का शेड्यूल :** नामांकन फार्म- 10 जून को शाम चार से रात नौ बजे तक, नामांकन फार्म भरकर देना- 16 जून की शाम 6 बजे तक, फार्म वापसी- 23 जून की शाम 6 बजे तक, वोटिंग- 28 जून को सुबह साढ़े नौ से चार बजे तक, काउटिंग और रिजल्ट- 28 जून की शाम 5 बजे से, चुनाव में जैन पैनल विरुद्ध पम्मी छाबड़ा पैनल

**चेयरमैन पद- जितेंद्र जैन विरुद्ध पम्मी छाबड़ा :** सचिव पद- विजय कस्तूरी विरुद्ध अतुल सेठ, सह सचिव- तेजवीर जुनेजा विरुद्ध पंकज कुकरेजा, कोषाध्यक्ष- रुपल पारिख विरुद्ध सतीश मंगलानी, कार्यकारिणी के पांच पदों के लिए




जैन पैनल से - वैभव दुआ, गुनीत चड्ढा, राजेश तलवार, भारती बरोडिया और आशुतोष कौशिक

पम्मी छाबड़ा पैनल से- अमृत देव, सौरभ भंडारी, बाबी थम्मन, कुनाल कासलीवाल और शिखर वर्मा

**पांच हजार से ज्यादा मतदाता है :** क्लब में पांच हजार से अधिक मतदाता है। इसमें करीब 60 फीसदी मतदान होता है। बीते दो चुनाव से गोरानी पैनल का एकतरफा दबदबा रहा है और विजय हासिल की है। क्लब संविधान के अनुसार दो बार लगातार चुनाव जीतने के बाद ब्रेक देना होता है।

इसके चलते इस बार वर्तमान चेयरमैन टोनी सचदेवा और सचिव संजय गोरानी मैदान में नहीं है। जितेंद्र जैन व विजय कस्तूरी की टीम मैदान में है। वहीं इस बार पम्मी छाबड़ा ने भी मैदान पकड़ा है और पूरी टीम उतारी है।

# सात दिन में बनवाएं ट्रेड लाइसेंस, वरना कार्रवाई भुगतने रहें तैयार

## नगर निगम की व्यापारियों को चेतावनी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम ने शहर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों और संस्थानों को ट्रेड लाइसेंस बनवाने तथा समय पर उसका नवीनीकरण कराने के लिए सात दिन की अंतिम मोहलत दी है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय संचालन नियमों के विरुद्ध है और निर्धारित अवधि के बाद विशेष जांच अभियान चलाकर नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर निगम प्रशासन ने व्यापारियों और संस्थान संचालकों से अपील की है कि जिनके पास ट्रेड लाइसेंस नहीं है अथवा जिनका लाइसेंस समाप्त हो चुका है, वे तत्काल नया लाइसेंस बनवाएं या उसका नवीनीकरण कराएं। निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में संचालित प्रत्येक व्यापारिक प्रतिष्ठान के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है और इसका उद्देश्य व्यवसायों का वैधानिक पंजीयन सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध कराना है। अधिकारियों के अनुसार निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद विशेष अभियान चलाकर सभी दुकानों और संस्थानों की जांच की जाएगी।

# रिटायरमेंट से 5 महीने पहले लोकायुक्त का छापा : जॉइंट डायरेक्टर के पास आय से 300 गुना अधिक संपत्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार सुबह महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक (जॉइंट डायरेक्टर) लक्ष्मी नारायण कंडवाल के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापामार कार्रवाई की। जांच में कंडवाल के पास करीब 10 करोड़ रुपए की संपत्ति मिलने की जानकारी सामने आई है, जबकि 30 साल की नौकरी में उनकी वैध आय करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है। ये उनकी कमाई से 300 गुना अधिक है। कार्रवाई के दौरान कंडवाल ने अपनी आय के स्रोत के रूप में पत्नी की सिलाई-बुनाई, बेटों के डिपार्टमेंटल स्टोर और जिम से मिलने वाले किराए की जानकारी दी। वहीं लोकायुक्त टीम ने तड़के 3 बजे से ही कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी थी और सुबह 6 बजे एक साथ तीन ठिकानों पर छापा मारा गया।

सूत्रों के मुताबिक लोकायुक्त को कंडवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। सत्यापन के बाद मंगलवार रात से ही कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई।




बुधवार तड़के 3 बजे से टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया। सुबह करीब 5 बजे लोकायुक्त कार्यालय से अधिकारी रवाना हुए और सुबह 6 बजे चोइथराम मंडी स्थित स्कीम नंबर-103 में कंडवाल के ठिकाने पर छापा मारा गया। इसके बाद विशेष न्यायालय से तलाशी वारंट लेकर अलग-अलग टीमों ने तीन स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की। पूछताछ के दौरान कंडवाल ने अपनी आय के स्रोत के रूप में वेतन के अलावा दोनों बेटों द्वारा संचालित डिपार्टमेंटल स्टोर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टोर का मासिक टर्नओवर करीब एक लाख रुपए है। इसके अलावा पत्नी द्वारा सिलाई-बुनाई से आय अर्जित करने की बात कही। कंडवाल ने यह भी बताया कि उनकी बिल्डिंग में संचालित दो मंजिला जिम से करीब सवा लाख रुपए प्रतिमाह किराया मिलता है। लोकायुक्त निरीक्षक आशुतोष मिठास ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की सांठा बाजार, सराफा शाखा में कंडवाल के नाम से एक लॉकर मिला है।

# सोनम रघुवंशी के पास बचाव का आखिरी मौका : शिलांग हाईकोर्ट आज सुनेगा अंतिम दलील

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मेघालय की शिलांग हाईकोर्ट ने सोनम रघुवंशी को अपने बचाव के लिए एक अंतिम मौका दिया है। हाईकोर्ट ने पहले बचाव पक्ष को लिखित दलील देने के लिए कहा था, लेकिन फिर 9 जून को सोनम के वकील ने इसके लिए समय मांग लिया था। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून मर्डर मिस्ट्री की आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी के लिए 10 जून अहम हो सकता है। सोनम रघुवंशी 9 जून 2025 से जेल में बंद थी। वहीं, 27 अप्रैल 2026 को जिला कोर्ट से जमानत मिली थी। इस जमानत को खारिज कराने के लिए मेघालय पुलिस हाईकोर्ट पहुंची है। इसमें एक जून से सुनवाई चल रही है। अब सोनम के वकील को अंतिम मौका दिया गया है।



**जिला कोर्ट के आदेश के पक्ष में देना है जवाब**-दरअसल जिला कोर्ट में सोनम के वकील ने तर्क दिए थे कि मेघालय पुलिस ने बचाव का मौका नहीं दिया। आरोपी को उनका जुर्म नहीं बताया गया, जो संविधान के अधिकार का उल्लंघन है। साथ ही गिरफ्तारी में हत्या के आरोप की धारा 103 की जगह 403 लिखा है।

### मामला बड़ा है, समय देने की मांग की

इस मामले में एक जून से ही सुनवाई चल रही है। पहले शासन पक्ष की ओर से इसमें अधिवक्ताओं ने तर्क रखे थे। इसके बाद सोनम के वकील की ओर से बचाव पक्ष पेश किया गया था। इसमें लगातार सुनवाई चली थी। इसके बाद 8 जून को सोनम के वकील को बाकी लिखित दलीलें 9 जून को पेश करने के लिए कहा गया था। वहीं, 9 जून को सोनम के वकील एस. खिरीम ने मामला बड़ा बताते हुए इसमें समय लगने की बात कहकर और समय मांग ली। इस पर जस्टिस ने इसमें एक दिन की रियायत देते हुए 10 जून को फिर केस लगा दिया है।

डिप्टी रजिस्ट्रार के बयान के खिलाफ कर्मचारी हुए खफा

# कुलगुरु से न्याय की गुहार, आरोप साबित नहीं तो होंगे इस्तीफे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुल सचिव रचना ठाकुर वर्षों से इसी विश्वविद्यालय में अपने पैर जमाए हुए हैं। आलम यहां है कि घूम फिर कर वे केवल इसी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को परेशान करने का अब रिकॉर्ड भी तोड़ चुकी है। हर बार जिस भी पद पर भी रहती है वो केवल कर्मचारियों के साथ अन्याय करने के अलावा कुछ नहीं करती है। पिछली बार भी उन्हें प्रकरणों को लंबित करने के मामले में हटाया गया था। एक बार फिर रचना ठाकुर ने झूठे आरोप लगाने के साथ ही कर्मचारियों का मनोबल गिराने का काम किया है। इसी के साथ कर्मचारियों की अनुकंपा नियुक्ति से लेकर तो उनके फंड के साथ ही अन्य मामलों पर आज दिनांक तक कुछ नहीं किया। इसी के चलते कल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक कल संघ कार्यालय में संपन्न हुई। कर्मचारियों ने विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि स्थापना विभाग की उप कुलसचिव रचना ठाकुर जिन्होंने प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपने बयान दर्ज करा कर कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी संघ की छवि को धूमिल करने का कु प्रयास किया है।

# जनगणना कार्य में लगे 80 हज़ार शिक्षकों के नहीं होंगे तबादले !

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश में शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया एक दिन पहले शुरू हो चुकी है। अब इस सिस्टम में बह सभी टीचर जो जनगणना में लगे हैं, इन्हें तबादला नीति का कोई लाभ नहीं मिलेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संदर्भ में स्थिति स्पष्ट कर दी है। मई में 80 हजार शिक्षकों की जनगणना में गणना कर ली है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि फरवरी 2027 से जनगणना शुरू होगी। तब तक इन शिक्षकों को स्थानांतरण प्रक्रिया से दूर रखा है। जनगणना का काम जैसे ही पूरा होगा तो अगले साल की तबादला प्रक्रिया में शिक्षक ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। जानकारी है कि जनगणना में लगे अनेक शिक्षक लोक शिक्षण संचालनालय के समक्ष पक्ष भी रख चुके हैं कि जनगणना में अभी 9 माह का समय शेष हैं। इसलिए उन्हें तबादला नीति का लाभ मिलना चाहिए। दूसरी जगह भी शिक्षक स्थानांतरित होता है तो वह बहां भी जनगणना कर सकता है। लेकिन विभाग में अधिकारियों ने इससे साफ इनकार कर दिया है। जनगणना में लगे शिक्षकों की पारिवारिक परेशातियां हैं। कई स्वयं बीमार हैं। कई ऐसे शिक्षक हैं जिनमें पति और पत्नी दोनों नौकरी में हैं।




# नई गाइडलाइन : गृह ग्राम व ससुराल में नहीं रह सकेंगे अब पंचायत सचिव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● तबादला सीजन के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के स्थानांतरण को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई गाइडलाइन के तहत अब कोई भी पंचायत सचिव अपने गृह ग्राम या ससुराल की पंचायत में पदस्थ नहीं रह सकेगा। इसके साथ ही जिस पंचायत में सचिव के रिश्तेदार सरपंच या उप सरपंच बन जाएंगे, वहां से भी सचिव का तबादला किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के आधार पर यह नई गाइडलाइन जारी की है। विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तय समय सीमा के भीतर स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी कराई जाए। बता दें कि मप्र में 23 हजार से ज्यादा पंचायत सचिव हैं। तत्कालीन दिग्विजय सरकार ने वर्ष 1994 से 1996 के बीच पंचायत कर्मियों की नियुक्ति की थी, जो आज पंचायत सचिव हैं। तब नियुक्ति ग्राम सभा के अनुमोदन से की गई थी और ज्यादातर मामलों में ग्राम सभा ने सरपंच, उप सरपंच, पंच या गांव के प्रभावशाली व्यक्ति के रिश्तेदारों को नियुक्त किया था। ज्यादातर मामलों में देखने में आया है कि ये जनप्रतिनिधि रिश्तेदारी या अहसान के बदले सचिवों को वह सब करने के लिए राजी कर लेते हैं, जो वे चाहते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।